RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-262 जयपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

### सरकार ने लोगों से की अफवाहों से बचने की अपील

# रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी हालिया तनाव और भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतरमंत्रालयी प्रेसवार्ता में साफ किया देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40% की भारी वृद्धि की गई है।

मंत्रालय ने अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए आश्वस्त किया है कि किसी भी खुदरा आउटलेट या डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर गैस की कोई कमी नहीं है और घरेलू पीएनजी और परिवहन सीएनजी उपभोक्ताओं को 100% आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज में फिलहाल 22




जहाज और 600 से अधिक नाविक विभिन्न जहाजों पर फंसे हैं। वे सभी फिलहाल सुरक्षित हैं।

#### घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता और पीएनजी की ओर झुकाव

वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शुरुआत में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री में जो कटौती की गई थी, उसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। ऊर्जा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, प्रमुख शहरों और शहरी क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं से पीएनजी में स्विच करने का आग्रह किया गया है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए कई प्रोत्साहन भी पेश किए हैं और उपभोक्ता ईमेल, पोर्टल या कॉल सेंटर के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

#### वैकल्पिक ईंधन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

एलपीजी की बढ़ती मांग के दबाव को कम करने के लिए कोयला और केरोसिन जैसे वैकल्पिक ईंधन विकल्पों को सक्रिय कर दिया गया है। बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों ने केरोसिन आवंटित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा, गैर-घरेलू एलपीजी की आंशिक आपूर्ति सभी राज्यों में उपलब्ध कराई जा रही है; जिसके लिए दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान सहित 14 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने आवंटन आदेश जारी किए हैं। गैस के डायवर्जन और कालाबाजारी को रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसका उपयोग 15 मार्च 2026 के 72% से बढ़कर 17 मार्च तक 81% हो गया है।

#### राज्यों को नीतिगत निर्देश और अतिरिक्त आवंटन

पीएनजी के बुनियादी ढांचे को तेजी से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 16 मार्च 2026 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कई सख्त निर्देश दिए हैः लंबित सीजीडी पाइपलाइन आवेदनों के लिए 'डीम्ड अनुमति' जारी करना और नई स्वीकृतियां 24 घंटे के भीतर देना। राज्य या स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगाए गए सड़क बहाली और अनुमति शुल्क को माफ करना। काम के घंटों और मौसम संबंधी प्रतिबंधों में ढील देना तथा समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना। इसके अलावा, एलपीजी से पीएनजी में दीर्घकालिक परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए 18 मार्च 2026 को राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी का 10% अतिरिक्त आवंटन देने की पेशकश की गई है। यह प्रोत्साहन विभिन्न चरणों में मिलेगाः सीजीडी आवेदनों की मंजूरी के लिए राज्य/जिला समितियों के गठन पर 1%, डीम्ड अनुमतियों के आदेश पर 2%, 'डिग एंड रिस्टोर स्कीम' शुरू करने पर 3% और वार्षिक लीज शुल्क कम करने पर 4% अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा।

#### निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र

बाजार में अनुशासन बनाए रखने के लिए तेल विपणन कंपनियों ने 17 मार्च 2026 को 2300 से अधिक औचक निरीक्षण किए हैं। तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कई छापे भी मारे गए हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 30 राज्यों ने स्टेट कंट्रोल रूम और 22 राज्यों ने जिला कंट्रोल रूम स्थापित कर लिए हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र भी तैयार किया गया है। इसमें टोल-फ्री हेल्पलाइन (1800 2333 555), सीपीजीआरएएमएस, ओएमसी वेबसाइट्स, और सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, ट्विटर) शामिल हैं। एलपीजी दुर्घटनाओं या लीकेज के लिए समर्पित हेल्पलाइन '1906' भी सक्रिय है।

## वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला करेगा अमेरिका

### ट्रम्प बोले- क्यूबा को हासिल करके रहूंगा

हवाना

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, 'किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा... चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। '

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं।

ट्रम्प ने इससे पहले रविवार को



एयर फोर्स वन में भी कहा था, 'मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं... जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे।' उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा।

असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया। इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं।

### राजस्थान में एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा

सांचौर (जालोर)

राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गई।

टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सांचौर एसडीएम प्रमोद कुमार और सिंवाड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

## यूपी-दिल्ली छोड़कर पूरे देश में बारिश का अलर्ट

#### मेघालय में तूफान, 1028 घरों को नुकसान

नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में पिछले तीन दिनों से आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। ढ्रख्ख के मुताबिक 18 मार्च से स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इस वजह से मौसम विभाग ने आज पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के विदर्भ में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है, जबकि हिमाचल और छत्तीसगढ़ में ओले गिरने की भी आशंका है। इधर, कर्नाटक के धारवाड़ जिले की कालघाटगी में भारी बारिश हुई। इसके साथ ओले गिरे। सड़कों पर, घरों पर ओलों की मोटी परत जम गई। इससे यह इलाका मिनी कश्मीर की तरह नजर आने लगा।



जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में मंगलवार को भी बर्फबारी हुई। कठुआ के सरथल, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल स्पीति में बर्फबारी जारी है। मेघालय में भी खराब मौसम का असर देखने को मिला। रीभोई में तेज आंधी और भारी बारिश से 1028 घरों को नुकसान हुआ है। करीब 5000 लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उमलिंग और जिरांग ब्लॉक के गांवों में हुआ।

#### राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट, तापमान में आई गिरावट

मौसम विभाग ने 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 19 और 20 मार्च को लगभग पूरे राजस्थान में अलर्ट है। इस दौरान ओले भी गिरेंगे। दरअसल, उत्तर भारत पर एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर राजस्थान पर दिखेगा। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को बादल छाए रहे इससे 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई।

## राजस्थान के 28 आईएएस, 9 आईपीएस को चुनावी राज्यों में ऑब्जर्वर बनाया

जयपुर

राजस्थान के 28 आईएएस और 9 आईपीएस अफसरों को पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में ऑब्जर्वर बनाया है। विधानसभा चुनावों में ये अफसर पूरे चुनाव की मॉनिटरिंग करेंगे, वोटिंग से काउंटिंग तक पूरे चुनाव पर बारीक नजर रखेंगे। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 17 आईएएस और 3 आईपीएस अफसरों को ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। तमिलनाडु चुनावों में 6 आईएएस और 2 आईपीएस को ऑब्जर्वर लगाया है। पुडुचेरी में एक आईएएस, एक आईपीएस, केरल में दो आईएएस, दो आईपीएस को ऑब्जर्वर को जिम्मेदारी दी गई है। असम में एक आईएएस, एक आईपीएस की ड्यूटी लगाई है। गुजात और गोवा में एक एक आईएएस को जिम्मा दिया गया है।

17 आईएएस, 3 आईपीएस को पश्चिम बंगाल में ऑब्जर्वर का जिम्मा जिनमें नवीन जैन, समित शर्मा, रवि जैन,आनंदी, कन्हैया लाल स्वामी, विश्व मोहन शर्मा, नकाते शिवप्रसाद मदन, हरि मोहन मीणा,ओम प्रकाश कसेरा,टीकम चंद बोहरा,हिमांशु गुप्ता, नथमल डिडेल, सुरेश कुमार ओला,चिन्मयी गोपाल, हर्ष सावनसुखा, अशुतोष गुप्ता, रुकमणी रियार।

पश्चिम बंगाल में ऑब्जर्वर लगाया जिनमें रूपिंदर सिंह,दीपक कुमार और विकास कुमार।

तमिलनाडु चुनावों में 6 आईएएस और 2 आईपीएस को ऑब्जर्वर लगाया : कृष्ण कुणाल, रवि कुमार सुरपुर,शुचि त्यागी, भारती दीक्षित, हरफूल सिंह यादव। आईपीएस लता मनोज कुमार और प्रफुल्ल कुमार।

पुडुचेरी में आईएस अजय असवाल और आईपीएस डॉ. प्रीति चंद्रा को ऑब्जर्वर लगाया है।

केरल में आईएएस अनुपमा जोरवाल, भंवर लाल, आईपीएस विष्णु कांत और परम ज्योति। असम में एक आईएएस, एक आईपीएस की ड्यूटी : असम में आईएएस हिम्मत सिंह बरहठ और ढ्ढक्क्र अंशुमान भोमिया को ऑब्जर्वर बनाया है।

### राज्यसभा में 59 सांसदों को विदाई, पीएम बोले-सदन एक यूनिवर्सिटी

## खड़गे ने पूर्व पीएम देवगौड़ा से कहा- आपने मोहब्बत हमारे साथ की, शादी मोदीजी के साथ

नई दिल्ली

राज्यसभा में बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को विदाई दी गई। इनमें पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, शरद पवार, सभापति हरिवंश, आरपीआई नेता रामदास आठवले शामिल हैं। हालांकि पवार और आठवले राज्यसभा के लिए फिर चुन लिए गए हैं।

इस दौरान पीएम मोदी ने संसद को एक ओपन यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। आपका अनुभव हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा से कहा, 'मैं सबसे पहले देवगौड़ाजी का उल्लेख करना चाहूंगा। मुझे पता नहीं कि उन्हें क्या हुआ, मोहब्बत हमारे साथ की, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की। शरद पवार दोबारा इस सदन में आएंगे। खड़गे की स्पीच के बाद पीएम ने कहा, 'खड़गेजी ने एक अपेक्षा रखी थी। मैं उस अपेक्षा को पूरा करूंगा। कर्म ऐसा करो मन में जहां से गुजरे तुम्हारी रजनी, उधर से तुमको सलाम आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से पार्टी की भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक जैसा भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो नेता अब वापस सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से कहा कि दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर एक-दूसरे का सम्मान करना और अनुभव साझा करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में वरिष्ठ नेताओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एचडी देवेगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा संसदीय सेवा में समर्पित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि नए सांसदों को उनसे सीखना चाहिए और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए।

# दिल्ली और इंदौर अग्निकांड में 17 लोग जिंदा जले

### दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई

#### पीएम ने जताया दुख, मुआवजे का एलान

नई दिल्ली

दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 3 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। इन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। हालांकि, घायलों और अंदर फंसे लोगों की संख्या को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आग बुधवार सुबह करीब 6 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। आग पर काबू पा लिया गया है और राहत-बचाव कार्य जारी है।



बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं।

घटना में मारे गए 8 लोगों के शव मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव ढ्ढस्ढ्ढ अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### नीचे लपटें और ऊपर घना धुआं था

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एस. के. दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की मदद करने की अपील की।

### इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, 8 मौतें

#### घर के डिजिटल लॉक नहीं खुले, लोग अंदर फंसे रह गए

इंदौर

इंदौर में इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं।

मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है।

पुलिस के अनुसार, कार से घर तक फैली आग ने अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से 30 फीट नीचे गिरी कार, 3 दोस्तों की मौत



कोटा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर फॉर्च्यूनर कार 30 फीट नीचे जा गिरी। इसमें सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई थी। हादसा कोटा जिले के कैथून थाना क्षेत्र में बालापुरा और कराड़िया के बीच सुबह करीब साढ़े दस बजे हुआ। कैथून थाना प्रभारी मनोज सिकरवार ने बताया- सिद्धांत (21), कुणाल (25) और मयूरेवा (23) फॉर्च्यूनर कार से पुणे लौट रहे थे। तीनों दोस्त पुणे के रहने वाले थे। 26 फरवरी को ये लोग 10 सदस्यीय ग्रुप के साथ लेह-लद्दाख, जम्मू-कश्मीर घूमने निकले थे। ग्रुप के बाकी लोग दूसरी कारों में पीछे-पीछे आ रहे थे। हादसे के बाद तीनों युवकों को स्थानीय लोगों ने कैथून सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश सामर ने बताया कि हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही युवक दम तोड़ चुके थे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया।

## मोतिहारी में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, एक जवान शहीद

पटना (एजेंसी)। चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश मारे गए, जबकि एक पुलिस जवान बलिदान हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने कार्बाइन समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिहोरवा में छापेमारी की। सूचना मिली थी कि कुंदन ठाकुर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हथियारों के साथ अपने एक दोस्त के घर में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस की छापेमारी के दौरान पक्षों के बीच मुठभेड़ हो गई। मृतक बदमाश की पहचान कुंदन ठाकुर पिता फूलदेन ठाकुर, ग्राम बुल्लाचौक, थाना चकिया और प्रियांशु दुबे पिता संजय दुबे, ग्राम बसंतपुर, थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। वहीं बलिदान एसटीएफ जवान की पहचान राम यादव के रूप में हुई है। घटना बीती रात 2:30 बजे की बताई जा रही है। मुठभेड़ में उज्वल कुमार और उसके पिता संत कुमार तिवारी दोनों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बदमाशों ने अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार को फोन पर धमकी दी थी। घटनास्थल पर डीआईजी, एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

## आरएसएस ने कभी गर्व करने वाला काम नहीं किया, सपा नेता ने प्रियंक खड़गे की मांग पर कहा

लखनऊ (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खड़गे की मांग पर समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष वर्मा ने कहा कि आरएसएस ने कभी गर्व करने वाला काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस लोगों का ग्रुप है। इसके माध्यम से कुछ लोगों को लाभ दिलाने के लिए भाजपा व्यवस्था बनाकर चल रही है। इसतरह जब पीठ ठोकनी होती है, तब भाजपा और जब कुछ गलत करना हो, तब आरएसएस के माध्यम से कर लो। बिहार में हुए राज्यसभा चुनाव को लेकर सपा नेता वर्मा ने कहा कि देश की राजनीति में राज्यसभा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण होता है। इसके बाद भी महागठबंधन में कांग्रेस के लोग साथ छोड़कर जा रहे हैं, तब इसका साफ मतलब है कि कांग्रेस में अभी भी इसतरह के लोग हैं, जिन्हें केवल विधायक और सांसद बनना है। उन्हें न विचारधारा से और न ही पार्टी से कोई मतलब है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाकर कहा कि कांग्रेस महागठबंधन को हर समय धोखा देती है। एलपीजी को लेकर उन्होंने कहा कि एलपीजी लेकर दो जहाजों के भारत पहुंचने पर साधुवाद, लेकिन क्या भारत सरकार बताएगी कि शिवालिक और नंदादेवी से आने वाले एलपीजी देश के कितने लोगों के लिए पर्याप्त है? उन्होंने कहा कि इन दोनों जहाजों में जितनी गैस है, वहां सिर्फ एक दिन के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जबरदस्ती अपनी पीठ थपथपवा रही है। अभी 22 से 25 जहाज स्टेट ऑफ हॉर्मुज में फंसे हुए हैं।

## भारत ने पाकिस्तान के ओमिद नशा मुक्ति उपचार अस्पताल पर किए गए हमलों की निंदा की

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर पाकिस्तान द्वारा काबुल स्थित ओमिद नशा मुक्ति उपचार अस्पताल पर 16 मार्च की रात को किए गए हवाई हमले की निंदा की। भारत ने इन हमले को फ्कायरतापूर्ण और अमानवीयफ बताकर कहा है कि किसी भी हालत में अस्पताल जैसे स्थान को सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता। बयान में आरोप लगाया गया कि पाकिस्तान इस नरसंहार को सैन्य कार्रवाई बताकर सही ठहराने की कोशिश कर रहा है। भारत के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला है और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। यह हमला पाकिस्तान के 'लापरवाह व्यवहार' और अपनी आंतरिक समस्याओं को बाहरी हिंसा के दवारा छिपाने की कोशिश का हिस्सा बताया गया। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि यह हमला रमज़ान के पवित्र महीने में किया गया, जो शांति और दया का समय होता है, इसलिए यह और भी निंदनीय है। अस्पताल और मरीजों को निशाना बनाने को किसी भी धर्म, कानून या नैतिकता से सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की है कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए और अफगानिस्तान में नागरिकों को निशाना बनाना तुरंत बंद किया जाए।

## पुलिस ने भारत-म्यांमार सीमा के पास पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ये उग्रवादी पीआरईपीएके (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक, केवाईकेएल (कांगलेई यावोल कन्ना लूप) और 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (एमएफएल) से जुड़े हैं। ये गिरफ्तारियां रविवार को मोरेह पुलिस थाना क्षेत्र से की गईं। वहीं, एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने जिले के बोलजांग पहाड़ी क्षेत्र से विस्फोटक और छोटे हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में आठ आईईडी, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल की मैगजीन, एक मोर्टार, दो रेडियो सेट और नौ कारतूस शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि बरामद की गई आईईडी को सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार घटनास्थल पर ही नष्ट किया। भारत-म्यांमा सीमा पर हाल के दिनों में बढ़ी हलचल को देखकर सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। उग्रवादियों की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी को सुरक्षा तंत्र की एक बड़ी जीत माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में संभावित हिंसक गतिविधियों को टालने में मदद मिली है।

## यूपी में मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद की चाकुओं से गोदकर हत्या

गोरखपुर(एजेंसी)।, गोरखपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद की हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद राजकुमार चौहान जान बचाने करीब 100 मीटर तक भागे, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर दोबारा उन पर हमला किया। हमलावर पूर्व पार्षद राजकुमार के मरने तक इंतजार करते रहे जब उनकी मौत हो गई तो हमलावर मौके से फरार हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बदमाशों ने सीने, सिर और हाथ पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद वे कुछ देर तक वहीं रुके रहे और उनके मरने का इंतजार करते रहे। जब उन्हें लगा कि पूर्व पार्षद की मौत हो गई है, तब वहां से भाग गए।

# यूएई और ईरान के बाद फिनलैंड के माना भारत का लोहा... अमेरिका-ईरान जंग को रुकवा सकता

### फिनलैंड के राष्ट्रपति ने जयशंकर की कूटनीतिक पहलों की तारीफ की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-ईरान जंग से इनदिनों दुनिया त्रस्त हो चुकी है। ईरान अकेला इजरायल और अमेरिका से बदला ले रहा है। ईरान के जवाबी एक्शन से पूरा पश्चिम एशिया जल रहा है। यह ईरान-अमेरिका जंग कैसे खत्म होगी, किसी को कुछ भी पता नहीं है। लेकिन अब दुनिया कहने लगी हैं कि ईरान जंग को सिर्फ और सिर्फ भारत खत्म करवा सकता है। यूएई और ईरान के बाद अब फिनलैंड का भी कुछ ऐसा ही मानना है। फिनलैंड ने मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के बीच तुरंत युद्धविराम की मांग की है। फिनलैंड का मानना है कि भारत ही इस ईरान युद्ध को खत्म कर सकता है।

दरअसल फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने सुझाव दिया कि भारत शांति कराने में मदद कर सकता है। उन्होंने विदेश मंत्री एस.जयशंकर की हालिया कूटनीतिक पहलों का भी अपने बयान में जिक्र किया। जिसमें विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान युद्ध वाला तनाव कम करने की अपील की थी। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा, 'हमें युद्धविराम की जरूरत है। मैं सोच रहा हूं कि क्या भारत सचमुच इसमें शामिल हो सकता है। फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब की यह टिप्पणी तब आई है, जब नई दिल्ली ने बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के साथ अपना संपर्क बढ़ाया है। पिछले हफ्ते विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की थी।

बातचीत के दौरान ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने भारत को ईरान जंग पर ताजा घटनाक्रमों की जानकारी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष को अमेरिका और इजरायल की आक्रामकता का नतीजा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने का इरादा रखता है।

इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कूटनीतिक प्रयासों के तहत ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकिया से बात की है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने बढ़ते तनाव और नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सामान व ऊर्जा की निर्बाध आवाजाही भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### यूएई और ईरान भी यही दावा कर चुके

इसके पहले ईरान और यूएई भी मान चुके हैं कि पश्चिम एशिया की तबाही को भारत रोक सकता है। दुनिया में भारत इकलौता देश है, जिसके दोनों पक्षों से बेहतर संबंध हैं। भारत वैसे भी हमेशा से ही शांति का पक्षधर रहा है। बीते दिनों ईरान ने कहा था कि भारत युद्ध रुकवा सकता है और खत्म करने में रचनात्मक भूमिका निभा रहा है। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के पहले राजदूत हुसैन हसन भी कहा था कि भारत बातचीत और कूटनीति के जरिए ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करवा सकता है।

## हवा में कांपने लगा एयर इंडिया का विमान, 300 यात्रियों की सांसे अटकी, करानी पड़ी लैंडिंग



नई दिल्ली (एजेंसी) न्यूयॉर्क से दिल्ली की लंबी उड़ान पर निकले एयर इंडिया के विमान (फ्लाइट एआई102) में तकनीकी खराबी के बाद हवा में हड़कंप मच गया। उड़ान भरने के करीब 6 घंटे बाद, जब विमान विशाल अटलांटिक महासागर के ऊपर था, तब यात्रियों ने अचानक तेज कंपन और डरावना शोर महसूस किया। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पायलट ने बिना देरी किए विमान को आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट्स के आंकड़ों के अनुसार, आपातकालीन लैंडिंग से पहले यह विमान लगभग छह घंटे तक हवा में रहा, जिस दौरान यात्री गहरे तनाव और अनिश्चितता के साये में रहे। 15 मार्च को न्यूयॉर्क से रवाना हुआ यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे आयरलैंड में सुरक्षित लैंड कर लिया गया। हैरानी की बात यह है कि जिस विमान में यह गंभीर तकनीकी समस्या आई, वह एयर इंडिया के बेड़े का बिल्कुल नया और अत्याधुनिक एयरबस ए 350 मॉडल है। इस विमान को अभी पिछले साल अप्रैल 2024 में ही सेवा में शामिल किया गया था। नई तकनीक और आधुनिक सुरक्षा मानकों से लैस इस विमान में अचानक कंपन और शोर की समस्या ने विशेषज्ञों और एयरलाइन प्रबंधन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया कि यह एक एहतियाती लैंडिंग थी ताकि किसी भी संभावित बड़ी अनहोनी को टाला जा सके। सुरक्षा मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसलिए विमान को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया। फिलहाल, विमान शैनन एयरपोर्ट पर खड़ा है जहाँ इंजीनियरों की टीम खराबी के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताते हुए उन्हें दिल्ली पहुंचाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने का आश्वासन दिया है।

## भारी बर्फबारी के बाद अटल टनल की ओर आने-जाने वाले वाहनों पर लगाई रोक



### -करीब 5000 पर्यटक सड़क पर फंस गए थे, मशीनरी से बर्फ हटाने का काम जारी

**मनाली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के चलते प्रशासन ने नेहरू कुंड से अटल टनल की ओर वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी है। दरअसल, अटल टनल क्षेत्र में रविवार को अचानक हुई भारी बर्फबारी ने हजारों पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। करीब 1000 से ज्यादा वाहनों में करीब 5000 पर्यटक सड़क पर फंस गए थे, लेकिन प्रशासन, पुलिस और बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन की टीमों ने रेस्क्यू अभिमनालीयान चलाकर सोमवार तक सभी लोगों को सुरक्षित मनाली पहुंचाया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीएसपी मनाली ने बताया कि भारी बर्फबारी से सड़कों पर बर्फ जम गई, जिससे फिसलन वाले रास्तों पर वाहन चलाना मुश्किल था। कई पर्यटकों को अपनी गाड़ियां छोड़कर पैदल या मदद से सुरक्षित जगह पहुंचना पड़ा। वहीं, कुछ टैक्सी ड्राइवर अभी भी अपने वाहनों के साथ टनल के आस-पास मौजूद हैं, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। सड़क ठीक होने पर उन्हें मनाली भेज दिया जाएगा। अटल टनल के साउथ पोर्टल के पास भारी बर्फ जमा हो गई है। इसलिए यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया है। नेहरू कुंड और सोलंग नाला में 24 घंटे के लिए बैरियर लगाए गए हैं। पुलिस की निगरानी में केवल आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस, पुलिस गाड़ियां, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों को छोटे वाहनों से ही जाने की इजाजत है।

रिपोर्ट के मुताबिक कुल्लू के उपायुक्त ने कहा कि बीआरओ की टीमें लगातार भारी मशीनरी से बर्फ हटा रही हैं। सड़क को जल्द से जल्द साफ करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी जोखिम ज्यादा है, इसलिए ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने भारी बर्फबारी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने सभी पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि मौसम और सड़क की स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक अटल टनल, सोलंग वैली की ओर जाने से बचें।

# बंगाल चुनाव में ममता बनाम शुभेंदु अधिकारी... राज्य की सबसे हॉट सीट बनी भबानीपुर

### शुभेंदु अधिकारी को बीजेपी की ओर से नंदीग्राम सीट से भी उतारा गया




**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा चुनावी मुकाबला होना तय हो चुका है। भाजपा ने बंगाल में 144 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इस सूची के मुताबिक शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम सीट से उतारा गया है, जहां से उन्होंने पिछली बार ममता बनर्जी को हराया था। इसके अलावा भबानीपुर से भी वह मुकाबले में उतरे हैं, जहां से फिलहाल ममता विधायक हैं। अब टीएमसी की ओर से ममता बनर्जी ने भी ऐलान किया हैं कि वें खुद भबानीपुर से ही उतरेंगी। इस तरह साफ हो गया है कि पिछली बार नंदीग्राम वाली स्थिति भबानीपुर में होगी।

नंदीग्राम से ममता के शुभेंदु अधिकारी के मुकाबले हराने काफी चर्चा हुई थी। बताया जा रहा हैं कि इस बार भबानीपुर में हाईवोल्टेज मुकाबला देखने को मिल सकता है। ममता ने कहा कि हम राज्य में 226 सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करने वाले है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर भी तीखा हमला बोला है। दीदी ने कहा कि ईद से ठीक पहले बड़े-बड़े अधिकारियों के ट्रांसफर चुनाव आयोग कर रहा है। ऐसा लगता है कि बंगाल चुनाव से पहले राज्य में दंगे करने की तैयारी है।

ममता ने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ये सबकुछ कर रहा है। यदि राज्य में कोई भी अप्रिय घटना होती हैं, तब उसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग और भाजपा की होगी। उन्होंने कहा कि पूरा खेल चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर कर रहा है। इस तरह ममता बनर्जी ने संकेत दे दिए हैं कि वह चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधेंगी। पहले ही वह एसआईआर को लेकर इलेक्शन कमिशन को टारगेट करती रही हैं। बता दें कि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला हुआ था।

## स्कूल से मिड-डे मील का सिलेंडर चुराकर भाग रहे चोरों को आ गई नींद, खेत में सोते वक्त पकड़ा



बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से चोरी का एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहाँ चोरों ने एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाया। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के सराय शाह आलम गांव स्थित इस स्कूल में चोरों ने मिड-डे मील की रसोई का ताला तोड़कर एलपीजी गैस सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि, चोरों की चालाकी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी और सुबह होते ही एक आरोपी रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब गांव के प्रधान प्रतिनिधि फुरकान अहमद टहलने के लिए निकले थे, तब उनकी नजर सरसों के एक खेत में संदिग्ध गतिविधि पर पड़ी। उन्होंने देखा कि एक युवक चोरी का सिलेंडर छिपाने की कोशिश कर रहा है। संदेह होने पर उन्होंने तत्काल स्कूल के किचन की जांच की, जहाँ ताला टूटा हुआ मिला। फुरकान अहमद ने सूझबूझ का परिचय देते हुए घेराबंदी की और मौके से गयास नाम के युवक को दबोच लिया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी गयास ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि इस चोरी में उसका साथी लवकुश भी शामिल था। पकड़े जाने के डर से उन लोगों ने सिलेंडर को सरसों के खेत में छिपा दिया था ताकि बाद में उसे ठिकाने लगाया जा सके। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खेत से चोरी किया गया सिलेंडर बरामद कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी लवकुश फिलहाल फरार है। दरियाबाद कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गयास को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की किल्लत और बढ़ती मांग के कारण इस तरह की छोटी चोरियों की घटनाओं में इजाफा हुआ है। फिलहाल, पुलिस अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है।

# ओडिशा में क्रॉस वोटिंग करने वाले 3 विधायकों के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी में कांग्रेस

### रमेश चंद्र जेना, दसरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस का नाम

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में क्रॉस वोटिंग के कारण राज्यसभा चुनाव में हारने वाली कांग्रेस ने अब बागी विधायकों पर एक्शन लेने की तैयारी में है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के लिए वोट डालने वाले तीन विधायकों को निलंबित किया है। ये विधायक हैं सनाखेमुंडी रमेश चंद्र जेना, मोहाना के दसरथी गोमांगो और कटक से महिला विधायक सोफिया फिरदौस का नाम शामिल है। इन लोगों ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी की हिदायत के बाद भी रे के समर्थन में वोट किया था। इन विधायकों के निलंबन की जानकारी देकर ओडिशा कांग्रेस ने लिखा, कांग्रेस को धोखा देने वालों ने देश के साथ विश्वासघात किया है।

ओडिशा कांग्रेस के मीडिया सेल के प्रभारी अरबिंद दास ने कहा कि यह निर्णय पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करने के बाद हुआ है। इन लोगों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया। वे भी तब जबकि सभी विधायकों को पहले से ही हिदायत दी गई थी। उन्होंने कहा कि अब इन लोगों की विधानसभा की सदस्यता ही खत्म करने की तैयारी है। इसके लिए हम स्पीकर को जल्दी ही नोटिस देने वाले हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि इन लोगों से ऐसी उम्मीद नहीं थी। इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है। हम तय कर रहे हैं कि कैसे संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत इन लोगों को विधानसभा से बाहर कराए।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस एक्शन की कांग्रेस हाईकमान ने भी सराहना की है। लीडरशिप मानती है कि इन लोगों के खिलाफ एक्शन होना जरूरी था। इन कांग्रेस विधायकों के अलावा मुख्य विपक्षी दल बीजेडी के भी 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इसकारण विपक्ष के साझा उम्मीदवार दत्तेश्वर होता की हार हो गई। माना जा रहा है कि कांग्रेस ऐसा ही एक्शन बिहार और हरियाणा जैसे राज्यों में भी ले सकती है। बिहार में भी विपक्षी कैंडिडेट को हार मिली है, जबकि वह एक उम्मीदवार जिताने की स्थिति में आसानी से था।

हरियाणा में किसी तरह कांग्रेस के कैंडिडेट कर्मवीर सिंह बौद्ध को जीत मिली। फिर भी भाजपा की रणनीति के आगे पार्टी हांफती नजर आई। यहां भी 5 विधायकों ने पार्टी से अलग रुख अपनाया और क्रॉस वोटिंग कर दी। इसके अलावा 4 वोट अवैध करार किए। इस तरह 37 सीटों वाली कांग्रेस के कैंडिडेट को महज 28 वोट ही मिले। ऐसी स्थिति में कांग्रेस यह पड़ताल करने में जुटी है कि आखिर हरियाणा और बिहार में किन नेताओं ने उसके ही कैंडिडेट को वोट नहीं दिया।

# दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून सक्रिय, फिर होगी बारिश तापमान में आएगी गिरावट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून सीजन की शुरुआत हो गई है और रविवार 15 मार्च को हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश बहुत तेज नहीं थी, लेकिन इसका दायरा बड़ा था। दिल्ली के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी हल्की बारिश हुई। रविवार सुबह से ही उत्तरी मैदानी इलाकों में बारिश की गतिविधियां थीं। इसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिला।

मौसम एजेंसी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह के दौरान एक-दो बार और बारिश होने की संभावना है। रविवार को हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है, जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। इससे पहले एक सप्ताह से ज्यादा समय तक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ था। 7 से 12 मार्च के बीच लगातार छह दिनों तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था और 11 मार्च को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 15 मार्च को 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस महीने का अब तक का सबसे कम तापमान है, हालांकि यह सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा था।

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पहाड़ी इलाकों के ऊपर सक्रिय है, लेकिन दिल्ली में 17-18 मार्च तक ज्यादा प्री-मानसून गतिविधियां देखने को नहीं मिलेंगी। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ सकता है। इसके प्रभाव से राजस्थान के ऊपर एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। 19 से 21 मार्च के बीच दिल्ली और आसपास के इलाकों में एक ट्रफ रेखा बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 19 और 20 मार्च को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 21 मार्च को भी इसका हल्का असर बना रह सकता है, हालांकि उस दिन मौसम जल्दी साफ होने की उम्मीद है। 22 मार्च से मौसम में सुधार देखने को मिल सकता है, लेकिन अगले सप्ताह भी कुछ स्थानों पर हल्की मौसम गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौका: अजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है।

#### ईरान चाहेगा तो रुकेगी लड़ाई

अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।



# फतेहपुरिया पीएचसी की बदहाली: न डॉक्टर, न बीपी मशीन, गर्भवती महिलाएं और बीमार बुजुर्ग व्यवस्था के आगे बेबस

## क्या सिर्फ औपचारिकता के लिए बना है फतेहपुरिया स्वास्थ्य केंद्र? बिना डॉक्टर के कैसे होगा मरीजों का 'वेरिफिकेशन'?

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** सरकारें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती हैं, लेकिन ब्यावर के फतेहपुरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहाँ पिछले कई सालों से डॉक्टर का पद रिक्त पड़ा है, जिसके कारण अस्पताल सिर्फ एक 'भवन' बनकर रह गया है।

### उबड़-खाबड़ रास्तों से आते हैं मरीज, मिलता है कोरा जवाब

फतेहपुरिया और आसपास के मोहल्ले के ग्रामीण 3 से 4 किलोमीटर का उबड़-खाबड़ रास्ता पैदल तय कर इलाज की उम्मीद में यहाँ पहुँचते हैं। लेकिन अस्पताल पहुँचते ही उन्हें स्टाफ द्वारा यह कहकर लौटा दिया जाता है कि 'डॉक्टर नहीं है, इसलिए इलाज संभव नहीं।




### 'बिना डॉक्टर के कैसा 'वेरिफिकेशन'?

मरीजों का आरोप है कि स्टाफ उन्हें इंजेक्शन लगाने से मना कर देता है क्योंकि उसे 'वेरिफाई' करने वाला कोई डॉक्टर वहां मौजूद नहीं है। सवाल यह है कि जब सालों से पद रिक्त है, तो ग्रामीण वेरिफिकेशन किससे करवाएं?

### अस्पताल की मुख्य अव्यवस्थाएं:

1:-मशीनों का अभाव: बीपी (ब्लड प्रेशर) चेक करवाने पहुंचे मरीजों को बताया जाता है कि मशीन कैंप में गई है।

2:-गर्भवती महिलाएं परेशान: साधारण जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को अक्सर निराश होकर लौटना पड़ता है।

3:-दवाइयों का टोटा: साधारण खांसी-जुकाम की दवाइयां भी उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर मरीजों को बैरंग भेजा जा रहा है।

### फतेहपुरिया निवासियों ने उठाई आवाज

मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस 'औपचारिकता' को खत्म कर केंद्र पर स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्या सरकार ने करोड़ों रुपये केवल 'नहीं' सुनने के लिए खर्च किए हैं? उन्होंने ब्यावर प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# फेक्ट्री में काम करते समय महिला श्रमिक की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में किया मृत घोषित

### आक्रोशित परिजनो और श्रमिको ने शव के साथ किया प्रदर्शन, 25 लाख मुआवजे की मांग



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

प्रताप नगर थाना क्षेत्र में स्थित रिको थर्ड फेस में कपड़ा फेक्ट्री में महिला श्रमिक की तबियत बिगड़ने के उपरांत मौत होने से माहौल गरमा गया । परिजन और श्रमिक आक्रोशित हो गए और शव के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया साथ ही फेक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की ओर 25 लाख रु मुआवजा देने की मांग रखी सूचना पर पहुंची प्रताप नगर थाना पुलिस ने समझाइश के प्रयास शुरू किए । जानकारी के अनुसार रिको थर्ड फेस स्थित रोडास फेक्ट्री में 35 वर्षीय कृष्णा पत्नी कमलेश विश्नोई निवासी नया समेलियां बतौर श्रमिक के रूप में पिछले कई समय से काम कर रही थी बुधवार को उसकी काम करते समय एकाएक तबियत बिगड़ गई और वह बेसुध हो गई जिसके बाद फेक्ट्री के श्रमिक उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे



मृत घोषित कर दिया । जिसके बाद माहौल गरमा गया परिजन मृतका का शव फेक्ट्री लेकर पहुंच गए और वहां गेट के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया और 25 लाख रु मुआवजा नही देने तक शव उठाने से इंकार कर दिया और फेक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की । मामला बिगड़ते देख मौके पर प्रतापनगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगो से समझाइश कर मामले को शांत करने का प्रयास किया । घंटो धरना प्रदर्शन चलता रहा और समझाइश का दौर भी नही रुका । बाद में आपसी सहमति होने पर 5 घंटे बाद धरना प्रदर्शन खत्म हुआ ।

# बेकाबू तेज रफ्तार ट्रेलर ने परिवहन विभाग के गार्ड को मारी टक्कर

### सिर और पैर में आई गंभीर चोटें, पुलिस ने चालक को किया डिटेन

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा बाइपास पर बिजली ग्रीड के नजदीक राजस्व वसूली के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। ड्यूटी पर तैनात परिवहन विभाग के एक गार्ड को तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने रुकने के बजाय टक्कर मार दी। इससे गार्ड गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

भीलवाड़ा परिवहन कार्यालय के परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मार्च महीने के राजस्व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उनकी टीम बुधवार दोपहर भीलवाड़ा बाइपास स्थित बिजली ग्रीड के नजदीक नेशनल हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान विभाग के गार्ड छोटू सिंह ने गुजरात नंबर के एक संदिग्ध ट्रेलर को रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक ने ट्रेलर को रोकने के बजाय अपनी रफ्तार और बढ़ा दी और लापरवाही से चलाते हुए छोटू सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। वारदात को अंजाम देकर चालक ट्रेलर को मौके से भगा ले गया।



टक्कर इतनी भयानक थी कि छोटू सिंह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। उनके सिर में गहरा जख्म हुआ है और पैर में गंभीर चोट आई। विभाग की टीम उन्हें तुरंत सरकारी जीप से महात्मा गांधी अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों के अनुसार, गार्ड के पैर में फ्रैक्चर है और सिर में गहरे घाव के कारण कई टांके लगाने पड़े हैं। फिलहाल उनका उपचार ट्रॉमा सेंटर के इमरजेंसी वार्ड में जारी है।

घटना के बाद आरोपी चालक ट्रेलर को सडक़ किनारे छोडक़र भाग खड़ा हुआ। परिवहन विभाग की सूचना पर पुर थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुजरात नंबर के ट्रेलर को जब्त कर लिया है और फरार चालक को भी डिटेन (हिरासत में) कर लिया है। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच कर रही है कि क्या चालक ने जानबूझकर गार्ड पर गाड़ी चढ़ाई।

# ब्यावर में त्योहारों से पहले प्रशासन मुस्तैद: कलेक्टर और एसपी ने सीएलजी बैठक में तैयार किया सुरक्षा का 'ब्लूप्रिंट'

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और उल्लास के साथ मनाने के लिए ब्यावर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को आयोजित सामुदायिक संपर्क समूह की अहम बैठक में जिला कलेक्टर कमल राम मीना और पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने शहर की कानून-व्यवस्था और जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

### बैठक की प्रमुख प्राथमिकताएं: सुरक्षा और सुविधा का संगम

बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और सुविधा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चर्चा के दौरान निम्नलिखित मुख्य मुद्दों पर रोडमैप तैयार किया गया। त्योहारों पर चौकसी: चेटीचंड, ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्रि के दौरान शहर के



संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

**ट्रैफिक और बिजली व्यवस्था :** भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया गया है। साथ ही, बिजली विभाग को ढीले तारों को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

**महिला सुरक्षा सर्वोपरि:** 'सुरक्षा सखी' और महिला पुलिस कर्मियों के समन्वय से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

### प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद

बैठक के दौरान कलेक्टर और एसपी ने सीएलजी सदस्यों, व्यापार संघ के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की समस्याओं को सीधा सुना। नागरिकों ने मुख्य रूप से साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत और ट्रैफिक जाम की समस्याओं को उठाया, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

**ब्यावर जिला कलेक्टर का संदेश:** 'त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक हैं। प्रशासन का प्रयास है कि हर नागरिक बिना किसी भय के उत्सव मना सके। इसमें आमजन का सहयोग अनिवार्य है।'

### नागरिकों से विशेष अपील

पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या भ्रामक सूचना ('ह्व-द्गश्हह्य) मिलने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद:

एडीएम ब्रह्म लाल जाट, सीओ राजेश कसाना, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि।

# बाइक के चैंबर में छिपा कर ले जा रहे थे अवैध अफीम, 2 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाडा की कोटड़ी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है । पुलिस ने मोटरसाईकिल के चेम्बर में छुपा कर ले जा रहे 1 किलो 561 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल को जप्त किया जब्त अवैध मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीबन 10 लाख रूपये है । पुलिस ने आरोपी शम्भु गुर्जर व सोपाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में और वृताधिकारी कोटड़ी सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में टीम गठित की कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन हुआ । पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए मोटरसाईकिल के चेम्बर में छुपा कर ले जा रहे 1.561 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफिम बरामद कर 2 तस्करो शम्भु गुर्जर व सोपाल गुर्जर को गिरफतार किया गया। दिनांक 17.03.2026 को महावीर प्रसाद थानाधिकारी कोटडी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दोपहर 3 बजे के करीबन गश्त के दौरान सवाईपुर की तरफ से आ रही संदिग्ध मोटरसाईकिल को डिटेन कर बाइक सवारों से पुछताछ की तथा मोटरसाईकिल को चैक किया गया तो मोटरसाईकिल के चेम्बर मे छुपा कर रखे अवैध मादक पदार्थ अफीम 1 किलो 561 ग्राम को नियमानुसार जब्त किया और तस्करी करते हुये तस्कर शम्भु गुर्जर व सोपाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। तस्करी मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जब्त किया और एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गठित विशेष टीम मे थाना प्रभारी के अतिरिक्त सियाराम थानाधिकारी पारोली मय टीम, एचसी औंकार सिंह थाना कोटडी, कांस्टेबल मोती राम (विशेष योगदान), अर्जुन राम (विशेष योगदान), राकेश कुमार (विशेष योगदान), हनुमान शामिल थे ।

### 'हर घर जल' की ओर राजस्थान की बड़ी छलांग

# जल जीवन मिशन 2.0 में देश में पहला एमओयू

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा / जयपुर

'हर घर जल' के लक्ष्य को धरातल पर उतारने की दिशा में राजस्थान ने बड़ी प्रशासनिक और नीतिगत बढ़त हासिल की है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत नई गाइडलाइन्स के अनुसार केंद्र सरकार के साथ एमओयू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है।

नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय में हुए इस समझौते ने साफ कर दिया है कि राज्य अब पेयजल आपूर्ति के मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ने के मूड में है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए इसे प्रदेश के लिए 'निर्णायक कदम' बताया।

सरकार का दावा है कि इस एमओयू के बाद राज्य में जल आपूर्ति व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों तक भी नियमित व स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का रास्ता साफ होगा। खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जिनकी रोजमर्रा की जिंदगी पानी की समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित रहती है।

राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार इस मिशन को तेज गति देने के लिए केंद्र-राज्य समन्वय को अहम मान रही है। नई गाइडलाइन्स के तहत मिशन को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया जाएगा।

यह समझौता केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि उस लक्ष्य की ओर ठोस कदम है, जिसमें हर ग्रामीण परिवार तक नल से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अब देखना होगा कि यह तेज शुरुआत जमीनी स्तर पर कितनी तेजी से परिणाम में बदलती है।

# दुष्कर्म के मामले में पीड़िता और उसके परिवार पर हमला

### बयान नही बदलने से रंजिश पाले दबंगों ने हाथ पैर तोड़े, दो गंभीर रूप से घायल

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा


दुष्कर्म के एक मामले में पीडीता व उसके परिवार के बयान नहीं बदलने से रंजिश पाले दबंगों ने परिवार के सदस्यों पर खेत पर जाते समय हमला कर दिया और दो लोगों के हाथ पैर तोड़ दिए जिसमे दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का भीलवाड़ा के सुभाषनगर थाना अन्तर्गत सांगानेर रोड पर एक निजी चिकित्सालय में चल रहा उपचार, गंभीर रूप से घायल परिवार के एक सदस्य का बड़ा ऑपरेशन हुआ, जबकि महिला को प्राथमिक उपचार





के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं मामला अजमेर जिले के सरवाड़ का बताया जा रहा है, जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए लोगों ने सरवाड़ पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं की दबंगों के दबाव में थाने में हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई, जबकी हमने जान-माल की सुरक्षा का खतरा बताते हुए थाने पर रिपोर्ट दे रखी थी। पीड़ीत परिवार के अधिवक्ता भेरू बैरवा ने बताया की उक्त घटनाक्रम में उच्च अधिकारियों को अवगत् करवाकर पीड़ीत परिवार को न्याय दिलाने के पुरे प्रयास किए जाएंगे।

# चैत्र नवरात्र आज से, जाने घट स्थापना का शुभ मुहूर्त और क्यू महत्वपूर्ण है कलश स्थापना




स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक है। इस दिन से न सिर्फ मां दुर्गा की आराधना शुरू होती है, बल्कि हिंदू नव वर्ष यानी नव संवत्सर का भी आरंभ होता है। मान्यता है कि नवरात्र के पहले दिन विधि-विधान से कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और पूरे साल मां भगवती का आशीर्वाद बना रहता है। इस साल चैत्र नवरात्रि 19 मार्च, गुरुवार यानी आज से शुरू हो रही है। पंचांग के अनुसार इसी दिन प्रतिपदा तिथि लग रही है, इसलिए कलश स्थापना भी 19 मार्च को ही की जाएगी।

### क्यों महत्वपूर्ण है कलश स्थापना

नवरात्र का पूरा पर्व कलश स्थापना से ही शुरू होता है। इसे मां दुर्गा के पृथ्वी लोक पर आगमन का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कलश में सभी देवी-देवताओं का वास माना जाता है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनता है। पूजा की शुरुआत इसी से होती है। पूरे नौ दिनों तक इसी कलश के सामने पूजा की जाती है।

### कब करें कलश स्थापना

पंचांग के अनुसार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर अगले दिन भोर में समाप्त हो जाएगी। इसी वजह से 19 मार्च को ही कलश स्थापना करना सबसे शुभ माना गया है।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

सुबह 6:48 बजे से 7:30 बजे तक (सबसे उत्तम)

सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त : 11:38 बजे से 12:26 बजे तक

इन समयों में की गई स्थापना शुभ फल देने वाली मानी जाती है।

कलश स्थापना हमेशा साफ और पवित्र स्थान पर करनी चाहिए। सुबह स्नान कर पूजा स्थल को साफ करें। एक मिट्टी या तांबे का कलश लें और उसमें जल भरें। उसमें आम के पत्ते रखें और ऊपर नारियल स्थापित करें। कलश के पास मिट्टी में जौ बोएं। मां दुर्गा का ध्यान कर पूजा शुरू करें। दीपक जलाएं और माता का आह्वान करें। पूजा के दौरान शुद्धता और श्रद्धा का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है।

### क्या है इसका धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यता है कि कलश स्थापना से मां दुर्गा का घर में आगमन होता है। ऐसा माना जाता है कि- घर में सुख-शांति बनी रहती है। नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। परिवार में खुशहाली आती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। नवरात्र के नौ दिनों तक कलश के सामने पूजा करने से विशेष फल मिलता है।

# लाडपुरा में रसोई गैस का संकट: 20 दिनों से किल्लत

### बस स्टैंड पर सिलेंडर की गाड़ी देखते ही उमड़ी भीड़; ओटीपी और नए नियमों के फेर में उलझी डिलीवरी व्यवस्था

### ऑनलाइन बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहे सिलेंडर

**लाडपुरा।** कस्बे सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 20 दिनों से घरेलू गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। भारत गैस शाहपुरा के अधीन होने वाली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह जब मानपुरा से गैस की गाड़ी लाडपुरा बस स्टैंड पहुंची, तो सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़



पड़ी। स्थिति यह है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद लोगों को 7 से 10 दिनों तक लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### रसोई का बिगड़ा बजट और व्यवस्था:

उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले बुकिंग के अगले ही दिन डिलीवरी घर तक हो जाती थी, लेकिन अब एजेंसी के चक्कर काटने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों और दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को हो रही है। समय पर गैस न मिलने के कारण मजबूरन लोगों को एक बार फिर चूल्हा, लकड़ी, कोयला और इंडक्शन का सहारा लेना पड़ रहा है।

### ओटीपी और नए नियमों ने बढ़ाई मुसीबत:

गैस वितरण के नए नियमों और डिलीवरी के समय अनिवार्य 'ओटीपी' (ह्क्क) प्रक्रिया के कारण भी वितरण में देरी हो रही है। कई उपभोक्ताओं की तकनीकी कारणों से बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। ग्रामीणों ने गैस एजेंसी और प्रशासन से मांग की है कि आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाए ताकि रसोई की प्रभावित व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

# मेघरास में ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत के बाद प्रशासन ने लिया एक्शन, अवैध कोयला भट्टियों पर गरजा पीला पंजा

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के मेघरास गांव में मंगलवार दोपहर को परीक्षा देने जा रहे हैं। कक्षा 9 के दो छात्रो अवैध रूप कोयला तैयार करने वाली भट्टियों से कोयला परिवहन मे लगे एक ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पुर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसके एक छात्र की मृत्यु हो जाने के साथ दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद हरकत मे आए। प्रशासन ने बुधवार को फिर से क्षेत्र में अवैध रूप कोयला बनाने वाली भट्टियों पर प्रशासन का पीला पंजा



पुन दहाड़ने लगा। इस कार्यवाही से कोयला कारोबार में जुटे लोगों मे खलबली मचा दी है।

उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा गठित टीम ने बुधवार को 51 अलीनगर (बेरा) रुपाहेलीखुर्द - 14 कोयला भट्टियों को प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया। वहीं बेरा पंचायत के अलीनगर गांव में लगभग 90 कोयला भट्टियों पर हाइकोर्ट का स्टे होने के कारण इन भट्टियों को कार्यवाही से मुक्त रखा गया है। वही उपरेडा ग्राम पंचायत के खातन खेड़ी गांव में 41 कोयला भट्टियों को तोडा गया। वहीं यंहा पर 47 कोयला भट्टियों पर न्यायालय के स्टे के चलते इनको प्रशासन के द्वारा अपनी कार्यवाही से अलग रखा गया। वहीं चमनपुरा में 3 तथा नानुदिया में 9 भट्टियों को तोडा गया। श्रीजी का खेडा मे दो भट्टियों को ध्वस्त किया गया। वहीं सरदारनगर में 14 को ध्वस्त तथा 4 पर स्टे बामणिया पंचायत मे 21 कोयला भट्टियों को तोडा गया तथा दस पर स्टे के कारण इन्हें छोडा गया। कंकोलिया पंचायत मे 12 भट्टियों को जमींदोज किया गया।

साथ ही अन्य स्थानों पर अवैध कोयला भट्टियों को राजस्व विभाग पुलिस प्रशासन की उपस्थिति जैसीबी की मदद से जमींदोज किया गया। अग्रेजी बबूलो से कोयला तैयार करने की आड़ में कोयला माफिया द्वारा नीम देशी बंबूल सहित अन्य किस्मों के पेड़ों के साथ खेजड़ी के पेड़ों से भी अवैध रूप कोयला तैयार करने का कार्य धडल्ले से जारी है।

राजस्थान दिवस विशेष : शाहपुरा में रोहिड़ा की खोज और संरक्षण की अनूठी पहल

# 'रेगिस्तान का सागवान' रोहिड़ा बिखेर रहा पीत-केसरिया छटा

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** राजस्थान दिवस (19 मार्च) के अवसर पर जहां पूरा प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक धरोहरों का उत्सव मना रहा है, वहीं शाहपुरा क्षेत्र से एक प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। यहां के ग्रामीण अंचलों में राजस्थान के राज्य पुष्प 'रोहिड़ा' की खोज और उसके संरक्षण-संवर्धन को लेकर एक अनूठा अभियान चल रहा है, जिसने प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरणविदों का ध्यान आकर्षित किया है।

रेगिस्तान की कठोर जलवायु में अपनी अलग पहचान बनाने वाला रोहिड़ा, जिसे 1983 में राजस्थान का राज्य पुष्प घोषित किया गया था, आज नवसंवत्सर के इस पावन अवसर पर अपनी पीत, केसरिया और लाल रंग की छटा से पूरे वातावरण को रंगीन बना रहा है। जहां एक ओर भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल जल में खिलता है, वहीं रोहिड़ा शुष्क मरुस्थलीय परिस्थितियों में अपनी सुंदरता और उपयोगिता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

वैज्ञानिक रूप से टेकोमेला अण्डूलाटा नाम से पहचाने जाने वाला यह वृक्ष 5 से 7 मीटर तक ऊँचा होता है। इसका तना कठोर, खुरदरा और हल्के भूरे रंग का होता है, जबकि इसकी पत्तियां लंबी, पतली और चमकदार हरे रंग की होती हैं। फाल्गुन से चैत्र (फरवरी से अप्रैल) के बीच जब इस पर फूल खिलते हैं, तो मानो पूरा रेगिस्तान सुनहरी आभा में नहा उठता है।

रोहिड़ा की खासियत केवल इसकी सुंदरता ही नहीं, बल्कि इसकी उपयोगिता भी है। इसकी लकड़ी बेहद मजबूत, टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली होती है, जिसके कारण इसे 'मारवाड़ का सागवान' और 'रेगिस्तान का सागौन' कहा जाता है। इसके फूलों पर भंवरे, तितलियां, मधुमक्खियां और गौरैया, बया, बुलबुल, मैना जैसी चिड़ियां मंडराती नजर आती हैं, जिससे यह जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फूलों के बाद इसमें 6 से 9 इंच लंबी फलियां लगती हैं, जिनमें हल्के और पंखनुमा बीज होते हैं। गर्मी के मौसम में ये फलियां फटकर बीजों को दूर-दूर तक फैला देती हैं। यही कारण है कि मानसून के दौरान यह वृक्ष प्राकृतिक रूप से नए क्षेत्रों में उगता है और अपनी संख्या बढ़ाता है।

आम तौर पर रोहिड़ा मारवाड़ और शेखावाटी क्षेत्र में अधिक पाया जाता है, लेकिन भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा तहसील क्षेत्र में इसकी मौजूदगी एक सुखद आश्चर्य के रूप में सामने आई है। अरनियाघोड़ा, ईटमारिया, दौलतपुरा, प्रतापपुरा, ढीकोला, लूलांस, भोजपुर, कनेछनखुर्द और कनेछनकलां जैसे गांवों में यह दुर्लभ वृक्ष प्राकृतिक रूप से पाया गया है।

इस महत्वपूर्ण खोज के पीछे शाहपुरा निवासी पर्यावरण प्रेमी और शिक्षक दिनेश सिंह भाटी का विशेष योगदान है। वे पिछले 4-5 वर्षों से इन दुर्लभ वृक्षों की पहचान, निगरानी और संरक्षण पर शोधपरक कार्य कर रहे हैं। उनका प्रयास केवल रोहिड़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे राष्ट्रीय और राज्य प्रतीकोंकृजैसे राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, राष्ट्रीय पुष्प कमल, राज्य वृक्ष खेजड़ी और राज्य पुष्प रोहिड़ाकृको हर शिक्षण संस्थान में लगाने का अभियान भी चला रहे हैं।

उनकी इस पहल को स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों और शोधार्थियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। यह सामूहिक प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने का माध्यम भी बन रहा है।

राजस्थान दिवस के इस विशेष अवसर पर रोहिड़ा की यह कहानी हमें यह संदेश देती है कि यदि इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो सूखे और कठोर क्षेत्र में भी हरियाली और जीवन की नई उम्मीद जगाई जा सकती है। शाहपुरा का यह प्रयास निश्चित ही पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है, जहां प्रकृति, पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है।

# हिंदू नव वर्ष पर 19 मार्च को छोटा रुणिचा धाम मे होगी विशाल भजन संध्या

## भजन गायक गोकुल शर्मा देंगे प्रस्तुति

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर श्री बाबा रामदेव जी एवं श्री चैतन्य कानिफ नाथ जी को समर्पित छोटा रुणीचा धाम नया नगर में भजन सम्राट गोकुल शर्मा की विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम 19 मार्च को आयोजित होगा 7 भजन संध्या रात्रि 8:00 बजे प्रारंभ होगी जिसमें 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के शामिल रहने की संभावना है रात्रि 1:00 बजे रुणिचा धाम बाबा द्वारा भव्य फूलों की होली का कार्यक्रम संपन्न होगा

छोटा रुणिचा धाम के गादी पति हीरालाल जोगी ने बताया इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दातार भक्तों के द्वार यात्रा हाडोती के चार जिलों में घूम कर मेवाड़ मांडलगढ़ विधानसभा में भव्य शोभा यात्रा के रूप में प्रवेश किया शोभायात्रा का रथ हाडोती के चार जिलों से मेवाड़ में 40 दिनों तक घूम कर छोटा रुणिचा धाम मंदिर पहुंचा जिसे भक्तों का भारी समर्थन मिला ।

हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आयोजित भजन संध्या में रुणिचा धाम गादी पति हीरालाल जोगी,श्री श्री 108 महामंडलेश्वर सच्चिदानंद महाराज पंच दस नाम जूना अखाड़ा, हनुमतदास महाराज कामाख्या सेवक तंत्र बापू अमर सिंह तंवर भगवान बाबा रामदेव के वंशज,राजपाल नाथ महाराज आश्रम हरियाणा,राज नाथ महाराज आदि भजन संध्या में शामिल रहेंगे।



शोभायात्रा के छोटा रुणिचा धाम में प्रवेश के पश्चात मंदिर में हवन आदि क्रियाएं पंडित दुर्गेश शर्मा बिजोलिया द्वारा संपन्न की गई जिसमें गादी पति हीरालाल जोगी, राजपाल नाथ महाराज,मंदिर कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा,संजय धाकड़,मनोज गोधा,संजय गर्ग केलवाड़ा ज्ञानचंद जैन, कमलेश धाकड़ राजू धाकड़ अर्जुन धाकड़,रवि धाकड़ आदि ने हवन में आहुतियां दी।

कार्यक्रम की तैयारीयो का निरीक्षण करने के लिए तहसीलदार ललित डीडवानिया एवं सीआई स्वागत पांडे आदि ने छोटा रुणिचा धाम पहुंचकर भजन संध्या स्थल एवं पार्किंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं जरूर दिशा निर्देश दिए।

# महल चौक जन सुनवाई में किसानों का जोरदार आंदोलन, विधायक बैरवा को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



महल चौक में आयोजित जन सुनवाई के दौरान शाहपुरा व बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने एकजुट होकर शाहपुरा कृषि मंडी के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने माननीय विधायक डॉ. लाला राम जी बैरवा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें मंडी को स्थानीय किसानों का सच्चा हितैषी बनाने की मांग की गई।

## किसानों की व्यथा और मंडी का दर्दनाक हाल

किसानों ने बताया कि शाहपुरा कृषि मंडी आज जर्जर और व्यापार-शून्य हो चुकी है, जहां न पारदर्शी बोली है, न उचित मूल्य, न सटीक तौल और न ही सुरक्षित भंडारण। नतीजा? मेहनती किसान भीलवाडा, केकड़ी, गुलाबपुरा और विजयनगर जैसे दूरस्थ स्थानों पर लंबी यात्रा करने को मजबूर हैं, जिससे भारी खर्च, समय की बर्बादी और फसल को नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में अनाज, दालें, तिलहन, सब्जियां, फल, मसाले, पशु चारा, बीज से लेकर ऑर्गेनिक उत्पादों तक सभी व्यापारों को अनिवार्य रूप से मंडी में स्थानांतरित करने की मांग उठाई गई, ताकि बड़े व्यापारी सक्रिय हों और क्षेत्रीय समृद्धि सुनिश्चित हो।

## एमएलए साहब का सराहनीय आश्वासन, किसानों में उत्साह


ज्ञापन मिलते ही डॉ. लाला राम जी बैरवा ने किसानों की पीड़ा को गहराई से सुना और तत्काल सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, 'शाहपुरा मंडी को जल्द ही केकड़ी और भीलवाड़ा स्तर की सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा - कोल्ड स्टोरेज, डिजिटल बोली प्रणाली, वजन-पुल और सुरक्षित भंडारण सब होगा। सभी व्यापार अनिवार्य रूप से यहीं संचालित होंगे, जिससे किसानों की समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी।' यह आश्वासन सुनकर किसान भाइयों में जोश भर आया, क्योंकि रूरू साहब की दूरदृष्टि से मंडी का तेज विकास होगा, रोजगार सृजित होंगे और शाहपुरा समृद्धि के पथ पर अग्रसर होगा।

## भविष्य की उम्मीदें: समृद्ध शाहपुरा का सपना साकार

डॉ. लाला राम जी बैरवा जैसे सक्रिय और किसान हितैषी विधायक के नेतृत्व में शाहपुरा कृषि मंडी न केवल किसानों का सहारा बनेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र का आर्थिक इंजन भी। स्थानीय निवासियों ने रूरू साहब की तारीफ की, कहा कि उनकी यह पहल शाहपुरा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। जन सुनवाई के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जनता का विश्वास सही नेतृत्व पर ही टिका है।

# फाग महोत्सव सिर्फ रंगों का नहीं, हृदयों को जोड़ने और भगवान के प्रेम में रंगने का पर्व है- पंडित कृष्णतनय

काछोला में प्रथम त्रिदिवसीय फाग महोत्सव का आनंदपूर्वक समापन; 'झोली को भर लो भक्तों...' भजनों पर गुलाल और फूलों की वर्षा के बीच झूमे श्रद्धालु



स्मार्ट हलचल| काछोला

कस्बे में पहली बार आयोजित त्रिदिवसीय 'नानी बाई रो मायरो' और फाग महोत्सव का बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। क्षेत्र में आयोजित इस ऐतिहासिक प्रथम फाग महोत्सव ने भक्ति और उत्साह का नया इतिहास रच दिया है। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान की भक्ति के रंग में सराबोर नजर आए।

## भजनों की गूंज और फूलों की होली:

महोत्सव के दौरान जब मंच से 'झोली को भर लो भक्तों रंग और गुलाल से...' भजन की शुरुआत हुई, तो समूचा पांडाल भक्तिरस में डूब गया। परम श्रद्धेय पंडित विष्णु श्री कृष्णतनय जी महाराज के सानिध्य में भजन गायक शानू कबीरा और हर्षिता मालू ने एक से बढ़कर एक फाग भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालु रंग, गुलाल और फूलों की वर्षा के बीच झूमते-गाते हुए भगवान की भक्ति में लीन हो गए।

कार्यक्रम में संतों का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित कृष्णतनय जी महाराज ने कहा कि 'फाग महोत्सव केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हृदयों को जोड़ने और भगवान के शाश्वत प्रेम में खुद को रंगने का पावन पर्व है।' उन्होंने जीवन में भक्ति, प्रेम और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

## इन गणमान्य लोगों ने किया महाराज का स्वागत:

आयोजक 'आप और हम समिति' द्वारा श्रद्धालुओं के लिए माकूल व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. कैलाश चन्द्र वैष्णव, भैरु लाल मंत्री, संदीप सोनी, रमेश काष्ट, रमेश त्रिपाठी, महावीर बसेर, शोभाराम मालू, भगवान शंकर शर्मा, घनश्याम पोरवाल और भगवान काष्ट सहित कई श्रद्धालुओं ने पंडित विष्णु श्री कृष्णतनय जी महाराज को श्रीफल भेंट कर उनका भावपूर्ण स्वागत किया। अंत में महाआरती और प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

# कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में अमावस्या आज

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** मेवाड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में गुरुवार को अमावस्या का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा । अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने विशेष तैयारियां की हैं । मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि गुरुवार से ही चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व भी प्रारंभ हो रहा है । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोगणिया माता जी के दर्शनों के लिए जाने वाले पदयात्रियों की सुविधा के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं । अध्यक्ष गाड़ोदिया ने जानकारी दी कि नवरात्रि के नौ दिनों तक पदयात्रियों के लिए मंदिर परिसर के समीप 'राम रसोड़ा' की स्थापना की जाएगी । इस रसोड़े में यात्रियों के लिए शुद्ध भोजन और प्रसादी चाय एवं जलपान रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था होगी, यह सेवा नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक निरंतर जारी रहेगी, ताकि दूर-दराज से पैदल आने वाले भक्तों और पदयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# हमीरगढ़ इको पार्क में वन्य जीवों के लिए शुरू हुई ग्रीष्म कालीन जल सेवा, टैंकर से टांके में जलापूर्ति का शुभारंभ


स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** हमीरगढ़ इको पार्क की दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित बाछोड़ा वन क्षेत्र में वन्य जीवों की प्यास बुझाने के लिए ग्रीष्मकालीन पेयजल सेवा का शुभारंभ बुधवार को किया गया। रमजान एवं चैत्र मास की पावन बेला में टांके में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति शुरू की गई, जिससे भीषण गर्मी के दौरान वन्य जीवों को राहत मिल सकेगी।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रफीक मोहम्मद ने कहा कि क्षेत्र की पहाड़ियों के संरक्षण और रखरखाव में वन विभाग एवं वन्य जीव प्रेमियों का सहयोग सराहनीय है।उनके संयुक्त प्रयासों से हमीरगढ़ इको पार्क आज जिले का प्रमुख पर्यटन क्षेत्र बनकर उभरा है।जलापूर्ति कार्यक्रम से पूर्व वन्य जीव प्रेमियों द्वारा टांके के समीप पीपल के पौधे का रोपण किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से टैंकर के जरिए टांके में पानी डालकर सेवा कार्य का शुभारंभ किया गया।उपस्थित सभी लोगों ने चैत्र, वैशाख, जेठ और आषाढ़ माह की भीषण गर्मी में जनसहयोग से लगातार जल सेवा जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान जल सेवा में सहयोग करते हुए रफीक मोहम्मद ने दो टैंकर, कमालुद्दीन मंसूरी ने चार टैंकर तथा डॉ. ऋषिराज व्यास ने दो टैंकर डलवाने के लिए टैंकर चालक को नगद राशि भेंट की।इस दौरान इको पार्क प्रभारी हरिशंकर विश्नोई एवं वन्य जीव प्रेमी सत्यनारायण व्यास ने उपस्थित वन्य जीव प्रेमियों व वनकर्मियों का हरा-पीला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में दीनानाथ शर्मा, मेवालाल खटीक, बबलू रंगरेज, नारायण लाल, योगेंद्र सिंह, रामसुख बिश्नोई, मथुरालाल जाट, रानी कंवर एवं काली कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।इस पहल से क्षेत्र में वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ ही भीषण गर्मी में उनके लिए जीवनदायिनी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# मांडल महोत्सव में गूंजे भक्ति व संस्कृति के स्वर, दीपावली की तर्ज पर उमड़ा जनसैलाब, 2000 किलो मावे से बने खास गुलाब जामुन







स्मार्ट हलचल

**मांडल।** कस्बे के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में मंगलवार 17 मार्च को आयोजित मांडल महोत्सव भक्ति, संस्कृति और परंपराओं के संगम के रूप में उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने की। महोत्सव का माहौल दीपावली की तरह रोशनी, सजावट और उत्साह से सराबोर नजर आया। खास बात यह रही कि इस पर्व को दीपावली की तर्ज पर मनाया जाता है, जिसके चलते बहन-बेटियां विशेष रूप से मांडल पहुंचती हैं। पूरे कस्बे में पारिवारिक मिलन और उत्सव का वातावरण बना रहा।

## 2000 किलो मावे से बने गुलाब जामुन बने आकर्षण का केंद्र

महोत्सव के दौरान इस दिन की पारंपरिक मिठाई गुलाब जामुन की जबरदस्त मांग रही। जानकारी के अनुसार करीब 2000 किलो फीके मावे की बिक्री हुई, जिससे बड़े पैमाने पर गुलाब जामुन तैयार किए गए। यह मिठास महोत्सव की पहचान बनी रही।

## नाहर और गैर नृत्य ने बांधा समां

कार्यक्रम में नाहर नृत्य एवं गैर नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने पारंपरिक लोक संस्कृति की जीवंत झलक पेश की, जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। नाहर नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में गोपाल माली, कालू माली, धनराज माली, राधेश्याम माली, भोपा लोकेश माली शामिल रहे। वहीं दूसरी टोली में घनश्याम माटोलिया, राजू तड़बा, दिनेश गुर्जर एवं भंवर माली ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

## संत-महंतों का मिला आशीर्वाद

महोत्सव में संत श्री श्री 1008 सुरेश दास जी महाराज, खंडेश्वर महाराज मंदिर के रामदास जी महाराज, नीलकंठ महादेव के महंत दीपक पुरी तथा मठ मंदिर के महंत शंकर भारती जी की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया।

## महाराणा प्रताप प्रतिमा का भूमि पूजन

इस दौरान अतिथियों द्वारा मांडल बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

## कई विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम में सहाड़ा विधायक शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी एवं बारा-अटरू विधायक राधेश्याम बेरवा भी उपस्थत रहे।

## जनसहभागिता बनी महोत्सव की ताकत

महोत्सव सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, लाल कृष्ण सेन, पूर्व चेयरमैन रमेश बुलिया, ओम भडिया, पूर्व प्रधान गोपी सारस्वत, गोपी भड़ाणा, सूरज भड़ाणा, कमलेश सिंह गुढ़ा सरपंच संजय भडिया महेंद्र सिंह पुरावत छोटू सिंह देवा लाल जाट सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। आयोजन के ऑर्गेनाइजर सुरज मल राव और न्यू भीलवाड़ा म्यूजिकल ग्रुप सहित समस्त महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कालभैरव और मातेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा 20 को, तैयारियां जारी





स्मार्ट हलचल

**गुरला।** पहुंना बाईपास रोड स्थित भैरुनाथ धाम में 20 मार्च को कालभैरव और मातेश्वरी की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर भैरुनाथ सेवा समिति की ओर से तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भैरुनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक बाहेती ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 19 मार्च को हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ होगी। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को आयोजित होगा। इस दिन हेमाद्रि प्रायश्चित स्नान, यज्ञोपवीत धारण और प्रतिमाओं के सात विभिन्न

अधिवासों के बाद सहत्र धारा अभिषेक किया जाएगा। 20 मार्च की रात को विशेष अनुष्ठान और 11 जोड़ों की ओर से यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद अगले दिन (21 मार्च) ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 5:15 बजे नवनिर्मित मंदिरों में कालभैरव एवं मातेश्वरी की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। पुजारी प्रह्लाद शर्मा के अनुसार इस महोत्सव में राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर रितेश बल्दवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है।

पहुना निवासी पिंटु शर्मा ने बताया कि पूर्व तैयारी बैठक रितेश बल्दवा ली अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें तैयारियों का जायजा लिया व तैयारियों की सराहना की, बैठक में भेरू लाल जी गुर्जर, विवेक बाहेती, रितेश बल्दवा, शिवसिंह राठौड़, प्रह्लाद शर्मा, कमलनयन तोतला, पुष्पेन्द्र जोशी, बालमुकुंद छिपा, शिव जीनगर, मदन लाल माली,लोकेश छिपा, कान्हजी शर्मा, अंकित, प्रमोद मंडोवरा, हेनू, हेमू, गोपीलाल, रतनलाल,शंकरलाल, प्रकाश पंचोली, संजय शर्मा, पिन्टू पंडा, भंवर सुथार, पिन्टू सोनी, निरंजन सिंह, इंदरसिंह, मिठू जी तेली आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# नवसंवत्सर पर जागेगा शाहपुरा, धर्म-ध्वजा लहराएगी गगन में

## 11000 कलश, 108 झांकियां और शस्त्र वाहिनी का अद्भुत संगम, अध्यात्म, सनातन और समरसता का दिखेगा विराट रूप

## गांव-गांव से उमड़ेगा भगवा सैलाब, बनेगा ऐतिहासिक क्षण, साध्वी सरस्वती दीदी का दिव्य संदेश, स्वाती मिश्रा की भजन संध्या

### शाहपुरा बनेगा नववर्ष स्वागत का आध्यात्मिक धाम

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** हिंदू नववर्ष यानी नवसंवत्सर के पावन अवसर पर इस बार शाहपुरा अध्यात्म, सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता के रंग में पूरी तरह रंगने जा रहा है। 19 मार्च गुरुवार को नगर में एक भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक कलश यात्रा एवं शाही शोभायात्रा का आयोजन होगा, जिसे लेकर पूरे शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक उत्साह चरम पर है।

हिंदू नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस विराट आयोजन में करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पिछले एक माह से गांव-गांव बैठकों और घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से वातावरण तैयार किया गया है। यही कारण है कि शाहपुरा इस बार केवल नववर्ष नहीं मना रहा, बल्कि अपनी सनातन परंपरा के गौरव को पुनर्जीवित करने जा रहा है।

नवसंवत्सर भारतीय संस्कृति का वह स्वर्णिम अध्याय है, जहां से सृष्टि के सृजन का प्रारंभ माना जाता है। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि नवचेतना, नवऊर्जा और नवसंस्कारों का पर्व है। सनातन धर्म में इसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के संतुलन की दिशा में पहला कदम माना गया है। ऐसे में शाहपुरा में आयोजित यह शोभायात्रा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बन रही है।

सुबह 9 बजे सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होने वाली यह कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों—वेलकम होटल, बेगू चौराहा, उदयभान गेट, कालिंजरी गेट, बालाजी की छतरी और मुख्य बाजार होते हुए पुनः स्कूल परिसर में पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आएंगे, वहीं जगह-जगह पुष्प वर्षा और जल सेवा के माध्यम से स्वागत की तैयारी की जा रही है।

इस शोभायात्रा की सबसे खास बात होगी 11000 महिलाओं द्वारा सिर पर सजाए गए कलश, जो श्रद्धा, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक होंगे। साथ ही 300 तलवारों की शस्त्र वाहिनी सनातन धर्म की वीरता और सुरक्षा के संकल्प को प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा 108 आकर्षक झांकियां भारतीय संस्कृति, देवी-देवताओं और ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगी।

आयोजन समिति के डॉ. पुष्कर राज मीणा, द्वारका प्रसाद जोशी, हनुमान धाकड़ और सुमित पारीक ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आयोजन शाहपुरा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने सभी नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से करें और श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था करें।

अध्यात्म की दृष्टि से यह आयोजन आत्मशुद्धि और समाजशुद्धि का संदेश देता है। जब हजारों लोग एक साथ 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ निकलेंगे, तो वह केवल ध्वनि नहीं होगी, बल्कि एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा, जो पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक शक्ति से भर देगा।

अपराह्न 1 बजे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती दीदी का उद्बोधन होगा, जिसमें वे नवसंवत्सर के आध्यात्मिक महत्व और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालेंगी। वहीं रात्रि 7:30 बजे विश्व विख्यात गायिका स्वाती मिश्रा द्वारा 'एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम' भजन संध्या का आयोजन होगा, जो भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर देगा।

शाहपुरा में यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश है, जहां हर वर्ग, हर समाज और हर आयु वर्ग के लोग एक मंच पर आकर अपनी संस्कृति का उत्सव मनाएंगे।

निस्संदेह, 19 मार्च का यह दिन शाहपुरा के लिए केवल नववर्ष का आगमन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण और आध्यात्मिक चेतना के नवप्रवाह का प्रतीक बनकर इतिहास में दर्ज होगा। इसी उत्साह और आध्यात्मिक उमंग के बीच पूरे शाहपुरा नगर को नवसंवत्सर के स्वागत में दुल्हन की तरह सजाया गया है। नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, कलश यात्रा के निर्धारित रूट और सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर को आकर्षक भगवा पताकाओं से सुसज्जित किया गया है। हर गली-मोहल्ले में लहराती भगवा ध्वजाएं जहां सनातन संस्कृति की गरिमा को दर्शा रही हैं, वहीं वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना रही हैं।

मुख्य बाजार, बेगू चौराहा, उदयभान गेट, कालिंजरी गेट और बालाजी की छतरी सहित संपूर्ण यात्रा मार्ग पर विशेष सजावट की गई है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं, जिन पर धार्मिक व सांस्कृतिक संदेश अंकित हैं। भगवा रंग से सराबोर यह साज-सज्जा न केवल श्रद्धालुओं के उत्साह को बढ़ा रही है, बल्कि पूरे शहर में नववर्ष के आगमन की भव्यता को भी प्रदर्शित कर रही है।

हायर सेकेंडरी स्कूल, जहां से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा, वहां विशेष रूप से भव्य मंच और धार्मिक प्रतीकों के साथ सजावट की गई है। पूरे परिसर को भगवा ध्वजों, फूल-मालाओं और आकर्षक लाइटिंग से सुसज्जित किया गया है, जिससे यह स्थल एक आध्यात्मिक तीर्थ जैसा प्रतीत हो रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि इस प्रकार की एकजुटता और सजावट वर्षों बाद देखने को मिल रही है, जो यह दर्शाती है कि शाहपुरा अब अपनी सनातन संस्कृति और परंपराओं के प्रति और अधिक जागरूक और समर्पित हो रहा है।

# अपहरण व जानलेवा हमले के आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

## पीड़ित परिवार में दहशत; पत्नी ने लगाई न्याय की गुहार



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमले और अपहरण के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीडित परिवार दहशत में है। बुधवार को पीडित की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

हाथीपुरा निवासी माया देवी रेगर ने एसपी को दी गई रिपोर्ट में बताया कि 9 मार्च की शाम को कालू लाल उर्फ अरविंद ने उसके पति कैलाश रेगर को फोन कर सवाईपुर बुलाया था। जब कैलाश बाइक से जा रहा था, तब कुडी और हाथीपुरा के बीच एक स्कॉर्पियो सवार आरोपियों ने उसे रोक लिया।

आरोप है कि पवन, सत्यनारायण, पुष्पा और अन्य 2-3 लोगों ने लाठियों और टामियों से लैस होकर कैलाश पर हमला कर दिया। हमलावरों ने जातिगत अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कैलाश के हाथ-पैर तोड़ दिए। इसके बाद आरोपी उसे लहूलुहान हालत में अपहरण कर उसके घर के बाहर फेंक गए और परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी।

पीडिता ने बताया कि उसके पति वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरणासन्न हालत में भर्ती हैं। इस संबंध में बड़लियास थाने में मुकदमा नंबर 67/2026 दर्ज है, जिसकी जांच डीएसपी मांडलगढ़ कर रहे हैं। माया देवी का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और वे लगातार परिवार को डरा-धमका रहे हैं।

# बिना नोटिस मकान तोड़ने और झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप

## घुमन्तु जनाधिकार समिति का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** घुमंतू जनाधिकार समिति (अजमेर संभाग) ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर घुमन्तु परिवारों के साथ हो रहे अन्याय और मानवाधिकार हनन के मामलों में न्याय की गुहार लगाई है। समिति ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

समिति के जिला संयोजक जगदीश दास रंगास्वामी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि सुरेश कालबेलिया का परिवार पिछले 25 वर्षों से निवास कर रहा है। उनके पास सरकार द्वारा स्वीकृत इंदिरा आवास योजना का मकान और वैध बिजली कनेक्शन भी है

आरोप है कि बीती 13 मार्च को अतिक्रमण दस्ते ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के अचानक कार्रवाई करते हुए मकान और स्नानघर को तहस-नहस कर दिया। ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाया गया है कि कार्रवाई के समय घर की महिलाएं स्नान कर रही थीं, जिन्हें अर्धनग्न अवस्था में बाहर निकलने पर मजबूर होना पड़ा, जो अत्यंत शर्मनाक और अमानवीय व्यवहार है। समिति ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को वैकल्पिक आवास देने की मांग की है।

वहीं, पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए एक अन्य ज्ञापन में पोटला (सहाड़ा) निवासी मीठूलाल बागरी के परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने का मुद्दा उठाया गया। समिति ने बताया कि बच्चों के आपसी विवाद को गंभीर आपराधिक रूप देकर बागरी समुदाय के लगभग 10 निर्दोष सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

ज्ञापन के अनुसार, कुछ स्थानीय दबंग व्यक्ति आए दिन परिवार को एससी/एसटी एक्ट के झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां देते हैं। पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि बिना उचित अनुसंधान के एकतरफा कार्रवाई की गई और पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जा रही है। समिति ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने और निर्दोष व्यक्तियों को शीघ्र रिहा करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मालावत, भानचंद बागरिया, सोहनलाल, रामनाथ और मगनलाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनातन परंपरा सृष्टि आरंभ के महापर्व नववर्ष की पूर्व संध्या पर किया दीपदान

स्मार्ट हलचल | पुर

राजस्थान शिक्षक संघ के द्वारा सनातन परंपरा एवं शृष्टि आरंभ के महापर्व नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या प्रेम नगर तेलियां की बारी पुर में रंगोली बनाकर 101 दीप प्रज्वलित कर दीपदान किया गया। जिसमें संघ के अलावा गण मान्य नागरिक भी उपस्थित रहे तथा सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर मनोज चौबे, भगवती लाल शर्मा, गोविंद त्रिपाठी, पुष्कर राजोरा, जगदीश राजोरा, रेखा त्रिवेदी, कौशल्या तेली, हरिशंकर बेरवा, सत्यनारायण बिश्नोई शाहिद राजस्थान शिक्षक संघ के कहीं शिक्षक मौजूद रहे।



# 'राजस्थान संपर्क' पर नागरिक संतुष्टि स्तर 'ऑल टाइम हाई लेवल' पर

## 'मार्च 2026 में सिटीजन संतुष्टि स्तर 80 प्रतिशत से अधिक पहुंचा'



### मंत्रीगण एवं एसीएस से शासन सचिव स्तर के अधिकारी संपर्क हेल्पलाइन (181) का कर रहे नियमित दौरा'

स्मार्ट हलचल | जयपुर/भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पारदर्शी, जवाबदेह एवं नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रदेश की नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था के तहत संचालित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर परिवादों का द्रुत गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में मार्च 2026 में लोक शिकायतों के निस्तारण में नागरिक संतुष्टि का स्तर 'ऑल टाइम हाई लेवल', 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो पूर्व माह के लगभग 69.54 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

### 'विभागों के प्रभारी सचिव नियमित कर रहे संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा'

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिवों को एक परिपत्र जारी कर 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों की अनुपालना में सभी विभागों के प्रभारी एसीएस से शासन सचिव स्तर के अधिकारी राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) केन्द्र पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से कॉल पर वार्ता कर फीडबैक ले रहे हैं। इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान में लगातार सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

राजस्थान सरकार लोक शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा कई बार स्वयं राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित कर चुके हैं, वे पूर्व में निस्तारित प्रकरणों में दी गई राहत एवं समाधान का नियमित फीडबैक ले रहे हैं तथा उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने भी राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का दौरा कर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया है।

### 'क्रांतिकारी सुधारों को मिल रही उल्लेखनीय गति'

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने बताया कि नागरिक-केंद्रित शासन राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) ने 'नेक्स्ट जेन जन संपर्क' के रूप में प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों एवं सरकार के बीच की दूरी को काफी कम कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) में क्रांतिकारी सुधारों को उल्लेखनीय गति प्रदान की जा रही है। सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव से शासन सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन राजस्थान संपर्क केंद्र का दौरा कर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इससे शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

### 'एक दिन में 25,254 प्रकरणों का निस्तारण'

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2026 को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर दैनिक शिकायत निस्तारण का 'ऑल टाइम हाई लेवल', 25,254 प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दिन दर्ज शिकायतें सिर्फ 11,788 थीं, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश में शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही, औसत निस्तारण अवधि घटकर 7 दिवस रह गई है, जो शिकायतों के तेजी से हो रहे समाधान को दर्शाता है।


राजस्थान सरकार का यह प्रयास नागरिकों की आवाज को सीधे सरकार तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का घर बैठे समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के नागरिक राजकीय विभागों से जुड़ी अपनी किसी भी परिवेदना के लिए टोल-फ्री नंबर 181 पर कॉल करें या राजस्थान संपर्क पोर्टल अथवा ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

# हथियारबंद बदमाशों का टोल प्लाजा पर हमला-पलाई टोल पर रात में मचाया तांडव

## टोल कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान; बार-बार घटनाओं के बावजूद पुलिस की सख्ती पर उठ रही उंगली







स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा सर्किल क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए बदमाशों ने एक बार फिर खुलेआम दबंगई दिखाई। उनियारा थाना क्षेत्र में गुलाबपुरा-नैनवां नेशनल हाईवे-148डी पर स्थित पलाई टोल प्लाजा पर सोमवार देर मध्य रात्रि 12 बजे करीब हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर टोल के सभी कम्प्यूटर बूथों में जमकर तोड़फोड़ कर दी और टोल कर्मचारियों पर जानलेवा हमले का प्रयास किया। बदमाशों की इस हरकत से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि घटना के तुरंत बाद सूचना पर पलाई चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बैरवा मौके पर पहुंचे तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

पलाई टोल प्लाजा प्रबंधक उदय सिंह की जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात 12 बजे करीब तीन वाहनों में सवार होकर नैनवां की ओर से आए हथियारबंद बदमाश अचानक पलाई टोल प्लाजा पहुंचे और टोल बूथ पर ताबड़तोड़ लाठियों व हथियारों से हमला कर दिया। बदमाशों ने सभी लेन के सभी टोल बूथों के कांच, मशीनों और अन्य उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे टोल प्लाजा को लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। अचानक हुए हमले से टोल बूथ पर मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागकर किसी तरह खुद को सुरक्षित किया। पूरी घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही उनियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है।सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार आरजे 08 सीबी 7371 के प्लेट नंबर भी सामने आए हैं, जबकि दो अन्य गाड़ियों के नंबर प्लेट काले रंग की टेप चिपकाकर छिपा रखे थे। टोल प्रबंधन द्वारा पुलिस थाना उनियारा पर रिपोर्ट भी दी गई है, रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम गठित कर आरोपियों को डिटेन व उनके द्वारा घटना में प्रयुक्त चौपहिया वाहन कारों को जप्त करने के लिए दबिश दी जा रही है। संभवतया आरोपी बूंदी जिले के निवासी होने की संभावना जताई जा रही है।हालांकि स्थानीय लोगों व टोल कर्मचारियों का कहना है कि टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी पलाई सहित क्षेत्र के टोंक रोड़ स्थित गुमानपुरा टोल प्लाजा पर भी असामाजिक तत्वों व बदमाशों द्वारा इस तरह की वारदातें की जा चुकी हैं।

### पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल

लगातार क्षेत्र में बढ़ते अपराध के चलते हो रही ऐसी घटनाओं के बाद क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त और कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सामने आने पर यदि समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती तो असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते।लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा हाईवे और टोल प्लाजा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# फूलडोल महोत्सव के तहत राधा कृष्ण ठाकुर जी करेंगे नगर भ्रमण 19 को

### 56 भोग झांकी दर्शन एवं विविध आयोजन होंगे

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान शोभा यात्रा एवं फूल डोल महोत्सव के तहत चांदी के बेवान में राधा कृष्ण ठाकुर जी नगर भ्रमण 19 मार्च गुरुवार को घर-घर भक्तों को दर्शन देंगे।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भाती चैत्र कृष्णा अमावस्या संवत 2082 गुरुवार को ट्रस्ट द्वारा बड़े मंदिर में भगवान श्री का दुग्ध अभिषेक प्रातः 6:15 बजे होगा छप्पन भोग की झांकी के दर्शन 10:15 बजे से होंगे महा आरती 12:15 बजे एवं 56 भोग प्रसाद वितरण महा आरती के बाद होगा।

कार्यक्रम को लेकर संरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर लाल तोषनीवाल ,अध्यक्ष चंद्रसिह तोषनीवाल, मंत्री प्रहलाद राय भदादा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाल मुकुंद राठी, उपाध्यक्ष नंदकिशोर दरक रामस्वरूप तोषनीवाल, सुनील कुमार सोनी, बद्रीलाल डाड, रमेश बाहेती, छीतरमल डाड प्रमोद डाड, राकेश पटवारी, सत्यनारायण तोतला, रमेश चंद्र जागेटीया ने आज व्यवस्थाएं देखी।

फागा की अमावस के अवसर पर आयोजित शहर का एकमात्र आयोजन जिसमें चांदी के बेवान में ठाकुर जी विराजित होकर घर-घर भक्तों सघ गुलाल खेल दर्शन देंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित शोभा यात्रा व फूल डाल महोत्सव के तहत 4 बजे से ठाकुर जी नगर भ्रमण को निकलेंगे जो शहर के बड़े मंदिर से धान मंडी दूधाधारी गोपाल मंदिर भदादा मोहल्ला कृष्ण मोहल्ला माणिक्य नगर से पुराना भीलवाड़ा की विभिन्न गलियों से होते हुए भक्तों के साथ गुलाल खेलते हुए रात भर शोभायात्रा बेन्ड बाजो ढोल नगाड़े के साथ चलकर अगले दिन 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे मंदिर प्रांगण पहुंचेगी जहां महा आरती प्रसाद वितरण कर भगवान को मंदिर में विराजित कराया जाएगा।

# बजरी माफिया का कहर: खड़ी बाइक को मारी टक्कर, ट्रॉली पलटी-पुलिस पहुंचने से पहले फरार हुए ट्रैक्टर

## बजरी माफिया बेलगाम: ट्रॉली पलटी, बाइक बजरी में दबी-सूचना के दो घंटे बाद पहुंची पुलिस,

## अवैध बजरी का खेल उजागर: ट्रॉली पलटी, बाइक दब गई-वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस

स्मार्ट हलचल| टोंक/उनियारा

उनियारा सर्किल के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के चोरू कस्बे में बुधवार सुबह बजरी से भरी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हड़कंप मच गया। चोरू बस स्टैंड स्थित बरवाड़ा चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसके बाद ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में मोटरसाइकिल बजरी के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे आ रहे चार-पांच अन्य बजरी से भरे ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद अलीगढ़ थाना पुलिस करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान बजरी माफिया के लोग लोडर मशीन लेकर आए और पलटी हुई ट्रॉली को सीधा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से हटाकर फरार हो गए।





पीड़ित बाइक मालिक बृजमोहन यादव के अनुसार दुर्घटना में उसकी मोटरसाइकिल को करीब 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और मामला मीडिया में आने के बाद अलीगढ़ थाना पुलिस ने अलग कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त करना दर्शाया। इसके साथ ही कथित रैकी के मामले में एक बोलेरो वाहन को धारा 185 में जब्त दिखाया गया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत शांति भंग की आशंका में सामान्य प्रकरण दर्ज किया।हालांकि इस कार्रवाई को लेकर भी स्थानीय लोगों में सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली से हादसा हुआ, वह मौके से फरार हो गई थी, जबकि बाद में की गई कार्रवाई से वास्तविक जिम्मेदारों पर कार्रवाई को लेकर संदेह पैदा हो रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन और पुलिस की कार्यशैली को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# रीको में 345 करोड़ के 86 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रमोशन पॉलिसी सहित नई नीतियां जारी कीं



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमी संवाद समारोह का आयोजन किया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय उद्योगपतियों ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और उद्योगों के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट के साथ ब्यावर लघु उद्योग संघ, राजस्थान वूल मर्चेंट एसोसिएशन, रीको इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, राजस्थान बॉल मिल एसोसिएशन, पिपलाज उद्योग संघ, सराधना औद्योगिक संगठन और ब्यावर लघु उद्योग मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में उद्योगों के समग्र विकास, औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क निर्माण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, पर्यावरण प्रबंधन और एरिया डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योगपतियों से संवाद करते हुए राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया। इसी दौरान, रीको औद्योगिक क्षेत्रों में 119 करोड़ रुपये के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण और 226 करोड़ रुपए के 46 कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को ऋण चेक, स्वीकृति पत्र और भूमि आवंटन पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सहायक आयुक्त आर्ची जैन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# हमीरगढ़ में चारभुजा नाथ का फूलडोल महोत्सव रावणा राजपूत समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कस्बे की सब्जी मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में रावणा राजपूत समाज के तत्वावधान में सोमवार रात भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और भक्ति से सराबोर इस आयोजन में देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चला।मंगलवार को फूलडोल महोत्सव के तहत भगवान चारभुजा नाथ की आकर्षक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी,जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया।भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।देर



रात तक शोभायात्रा गंतव्य स्थान पर पहुंची जहां महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें शंभू सिंह परिहार, भेरूसिंह राणावत, मुरलीधर परिहार, भेरूसिंह गहलोत, शक्तिसिंह राठौड़, भैरूसिंह चौहान, मांगू सिंह गहलोत सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गई।जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

# आज़ाद मोहल्ला महिलाओं द्वारा गणगौर बिंदोला व सवारी में झलकी परंपरा और उल्लास

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

शहर के आज़ाद मोहल्ला क्षेत्र में महिलाओं द्वारा पारंपरिक राजस्थानी गणगौर उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

इस दौरान महिलाओं ने डीजे पर गणगौर गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया और वातावरण को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। साथ ही महिलाओं द्वारा गणगौर के पारंपरिक दोहे भी गाए गए, जिनसे भक्ति और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर गणगौर बिंदोला का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने मुखर्जी



गार्डन में ईसर-गणगौर की प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बिंदोला और गणगौर सवारी यात्रा में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भाग लिया और पारंपरिक गीत गाते हुए पूरे मोहल्ले में उत्सव का माहौल बना दिया। मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में ललिता सोमानी, रेणू मुन्दड़ा, आशा काबरा, सरिता सोमानी, सरोज चेचाणी और अनीता चेचाणी का विशेष योगदान रहा। इसअवसर पर महिलाओं ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है। अंत में कुल्फी प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

# सुलक्षणा शर्मा चित्तौड़गढ़ प्रभारी नियुक्त

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशन पर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सारिका सिंह ने प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा को चित्तौडगढ़ प्रभारी नियुक्त किया गया। सुलक्षणा शर्मा को यह प्रभार उनके किए अपने दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किए जाने पर दिया गया है। शर्मा की कांग्रेस पार्टी में कुशल नेतृत्व क्षमता को देखते हुए नई जिम्मेदारी दी गई है। सुलक्षणा शर्मा के पास इससे पहले



भी उदयपुर देहात का प्रभार है। चितौडगढ़ प्रभारी बनने पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

### 'अपराधियों में भय' मिशन के तहत बड़ी कार्रवाई

# मण्डावर पुलिस ने अवैध कट्टे के साथ आरोपी को दबोचा

स्मार्ट हलचल

**मण्डावर।** दौसा जिला पुलिस अधीक्षक श्री सागर राणा के निर्देशन में 'अपराधियों में भय' अभियान के तहत मण्डावर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज श्री राहुल प्रकाश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा श्री योगेन्द्र फोजदार के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी महवा श्री मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी श्री प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर 16 मार्च 2026 की रात करीब 8:30 बजे चीमापुरा क्षेत्र में दबिश दी।




पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति टीनशेड में खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार हो सकता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध देशी कट्टा 315 बोर बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ लोकी मीना (25 वर्ष) निवासी खेड़ामंगलसिंह, थाना रैणी जिला अलवर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर लिया है और मामले में गहन अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी प्रवीण कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की अहम भूमिका रही।

# अवैध बजरी खनन पर पुलिस थाना घाड़ द्वारा 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल|दूनी

राजाराम लालावत - पुलिस थाना घाड़ ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के निर्देशन में तथा वृत्ताधिकारी देवली के सुपरविजन में थानाधिकारी घाड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनांक 18 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति बजरी खनन कर परिवहन कर रहे 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।जानकारी के अनुसार यह वाहन मुगलाना क्षेत्र से अवैध बजरी भरकर ले जाया जा रहा था,जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस थाना घाड़ पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कंजर समाज में अवैध हथकढ़ शराब पर पुलिस का शिकंजा मंडावरा में 300 लीटर वॉश नष्ट-कुरीतियों के खिलाफ सख्त संदेश

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा (आईपीएस) के निर्देश पर इन दिनों अवैध मादक पदार्थों व हथकढ़ शराब आदि सहित आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ जिला स्पेशल टीम के साथ-साथ स्थानीय पुलिस की कार्रवाई भी लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार, 18 मार्च की सुबह करीब 7 बजे उनियारा सर्किल में पुलिस थाना अलीगढ़ के थानाधिकारी राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) के निर्देशन में गठित टीम में शामिल बीट प्रभारी रामजीलाल बैरवा (हैड कांस्टेबल) के नेतृत्व में कांस्टेबल रामप्रसाद मीणा, प्रेमराज मीणा, राजूलाल सैनी सहित चालक कॉन्स्टेबल नवरतन जाट द्वारा थाना क्षेत्र के गांव मंडावरा में अवैध शराब के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कंजर बस्ती के पास चबूतरे पर पुलिस को मौके पर मटकियों, ड्रम आदि में करीब 300 लीटर अवैध हथकढ़ वॉश बरामद हुआ तथा पास ही झाड़ियों में भट्टियां मिली, जिन्हें तत्काल नष्ट कर दिया गया। साथ ही हथकढ़ शराब बनाने में




उपयोग में लिए जा रहे उपकरणों व भट्टियों को भी मौके पर ही तोड़कर नष्ट किया गया और पूरी कार्रवाई की विधिवत फर्द कार्यवाही तैयार की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथकढ़ शराब बनाने और बेचने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मंडावरा सहित आसपास के कुछ इलाकों में लंबे समय से अवैध हथकढ़ शराब बनाने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से यह दबिश दी।

### कुरीतियों से बाहर निकलने की जरूरत

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों का कहना है कि विशेषकर कंजर समाज के कुछ हिस्सों में अभी भी अवैध शराब बनाना और बेचना एक पुरानी कुरीति के रूप में बना हुआ है, जिससे समाज की छवि प्रभावित होती है और नई पीढ़ी भी गलत रास्ते की ओर बढ़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि समाज के जिम्मेदार लोग आगे आकर इन कुरीतियों को खत्म करने में सहयोग करें और युवाओं को शिक्षा, रोजगार और मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### पुलिस का सख्त संदेश

अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इस अवैध गतिविधि में लिप्त पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब पर रोक और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई लगातार होती रही तो अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

## सावर में दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान से संगठन में जोश की लहर

# 'कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत, हर बूथ बनेगा किला '—विधायक शत्रुघ्न गौतम

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** सामुदायिक भवन सावर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी देहात अजमेर का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाभियान 2026 सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की ताकत का दमदार प्रदर्शन बनकर उभरा। 17 मार्च से शुरू हुआ यह महाभियान बुधवार को समापन के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बावन माता ग्रामीण मंडल (सावर विधानसभा क्षेत्र, केकड़ी) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस महाभियान का उद्देश्य साफ था—संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और चुनावी रूप से तैयार करना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत रणनीति बनाना। कार्यक्रम के हर



सत्र में कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। प्रथम सत्र में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने मंच से आक्रामक अंदाज में कहा— 'भाजपा की असली ताकत कार्यकर्ता है, और जब कार्यकर्ता मैदान में उतरता है तो जीत अपने आप रास्ता बना लेती है।' उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को गिनाते हुए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर आमजन को इन योजनाओं से जोड़ें और जनसंपर्क को तेज करें।

द्वितीय सत्र में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कंवर ने भाजपा की विचारधारा को मजबूती से रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को संगठन की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा, राष्ट्रवाद और समर्पण का मिशन है, जिसमें हर कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। तृतीय सत्र में भाजपा जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और मंडल से बूथ स्तर तक मजबूती पर स्पष्ट और सख्त संदेश दिया— 'मजबूत संगठन ही चुनाव जिताता है, और इसके लिए हर कार्यकर्ता को पूरी जिम्मेदारी निभानी होगी। ' चतुर्थ सत्र में प्रहलाद शर्मा ने बूथ प्रबंधन पर सीधी रणनीति देते हुए कहा— 'हर बूथ को किला बनाओ, हर मतदाता तक पहुंच बनाओ, जीत खुद तय हो जाएगी।' उन्होंने मतदाता सूची प्रबंधन, बूथ टीम गठन और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के व्यावहारिक गुर सिखाए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पुर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह शक्तावत, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री पर्वतराज मीणा, पुष्पेंद्र सिंह शक्तावत, रंगलाल भील, कार्यक्रम संयोजक मंजीत सिंह शक्तावत, रोहित गुर्जर, शक्ति सिंह, आशा कंवर, मोहसिना बानो, मंडल महामंत्री लक्ष्मीनारायण मालावत, महावीर सेन, मनोज कहार, रोडू कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव हावा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई दिशा, ऊर्जा और संघर्ष का जज्बा देते हैं। मंच संचालन लक्ष्मीनारायण मालावत द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। समापन सत्र में सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सामग्री (बैग) वितरित किए गए और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की विचारधारा और प्रशिक्षण को जमीनी स्तर पर लागू करने का आह्वान किया गया। दो दिवसीय इस महाभियान ने साफ कर दिया कि भाजपा अब पूरी ताकत के साथ चुनावी मोड में आ चुकी है। सावर से उठा यह जोश आने वाले समय में पूरे क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकेत दे रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने विराटनगर पुलिस थाने का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

विराटनगर पुलिस थाना क्षेत्र में जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने पुलिस उपाध्यक्ष कार्यालय एवं विराटनगर थाना पहुंचे। यहां अधिकारियों और स्टाफ ने उनका स्वागत किया। सीओ उमेश निठारवाल व थाना प्रभारी सोहन लाल ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने रिकॉर्ड रूम, मालखाना, हवालात और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाने में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को फरियादियों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने तथा शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर जोर दिया। इस दौरान एसपी ने स्टाफ से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं में सुधार के सुझाव देते हुए पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया।

# हिंदू नव वर्ष के पूर्व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न

स्मार्ट हलचल| बूंदी

आगामी हिंदू नव वर्ष को बड़े हर्षोल्लास से मनाने को लेकर हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं उसी श्रृखंला में मंगलवार 17 मार्च को शानदार कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन प्रभारी विकास दीक्षित ने बताया कि हिंदू नव वर्ष पूर्व आजाद पार्क बूंदी में रात्रि 8.30बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ जिसमें देश के ख्याति प्राप्त कवियों ने कविता पाठ किया जो देर रात्रि तक चला

समिति के उपाध्यक्ष मन मोहन अजमेरा ने बताया कि कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम सूरत से आई कवि सोनल जैन ने मां सरस्वती की आराधना की ओर श्रृंगार रस से श्रोताओं को रस में डुबोए रखा अपनी जुगल बंदी से भी प्रताप गढ़ के विजय विद्रोही ने संचालन करते हुए कई सम्मेलन को ऊंचाइयां ओर देश भक्ति और संस्कृति के साथ कई हास्य व्यंग्य सुनाये कवि कुशाल सिंह महुडिया ने राष्ट्रभक्ति के साथ संस्कृति से जोड़ा धुलेट से आए कवि राजेंद्र गौड़ ने देश भक्ति के जज्बे के साथ कवि सम्मेलन को ऊंचाइयां दी ओर सबसे लंबा




कविता पाठ किया लखनऊ के कवि प्रख्यात मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से देश भक्ति की कविता पाठ की मंदसौर के कवि मुन्ना बेटरी ने कवि के माहौल को हास्य से लोटपोट करते हुए बहुत गुदगुदाया संचालक विजय विद्रोही ने अपने अनोखे अंदाज में कविता पाठ किया ओर शानदार संचालन किया बूंदी पुलिस प्रशासन में अधिकारी रहे अरविंद भारद्वाज ने लोगों की मांग पर शानदार कविता पाठ किया एक नन्ने बालक ने भी में भी राम बनूँगा पर कविता पाठ किया इंदौर के मुकेश मोलवा ने सनातन संस्कृति के साथ संघ शताब्दी वर्ष सहित देश के जज्बे से रोमांच भर दिया मोलवा ने कहा में हिंदुत्व का वंश बोल रहा हूं, हे भारत में संघ शताब्दी वर्ष बोल रहा हूं पर बहुत दाद मिली कवि सम्मेलन के बीच बीच में जय श्री राम के वंदे मातरम् के भारत माता की जय, जय भवानी जय भवानी के जयकारे लगते रहे।

कवि सम्मेलन में समित के प्रभारी योगेश शर्मा, ब्रह्मदत्त गौतम, मनीष शर्मा, महासचिव रमेश गहलोत, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर माथुर, रामराज बराला, समिति उपाध्यक्ष मन मोहन अजमेरा, डॉ वी एन माहेश्वरी, पीतांबर शर्मा, मनीष सिंह सिसोदिया, इंद्रा शर्मा, नूपुर मालव, निधि जैन, अरुणा चतुर्वेदी, उमा अजमेरा, आदि उपस्थित सहित कई सामाजिक संगठनों, व्यापार जगत के साथ कई लोगों उपस्थित थे। सभी कवियों का श्री फल ओर दुप्पटे से स्वागत किया। आभार धन्यवाद कवि सम्मेलन प्रभारी विकास दीक्षित ने किया।

# मुस्लिम युवक ने लगाई कैला देवी पदयात्रियों के लिए प्याऊ



## सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की

स्मार्ट हलचल| सूरौठ

कस्बे में हिंडौन बयाना मार्ग पर कैला देवी पदयात्रियों के लिए सूरौठ निवासी मुस्लिम युवक ने प्याऊ लगाकर एवं पद यात्रियों की सेवा करके सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की है। कस्बा निवासी अकबर खान ने यहां हिंडौन बयाना मार्ग पर नहर के पास कैला देवी जाने वाले पदयात्रियों के लिए प्याऊ लगाई है। अकबर खान पिछले कई दिन से कैला देवी पद यत्रियों को पानी पिलाकर उनकी सेवा में जुटा हुआ है। अकबर खान ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि प्रांतों से कैला देवी पैदल जाने वाले यात्रियों की सेवा करके हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की है। सभी लोग अकबर के कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया




स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर में आज विद्यालय गुढा के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 नरेश अग्रवाल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी के मार्गदर्शन में महेश पांडे हेल्थ कम्युनिटी ऑफिसर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सहायिका की टीम ने बच्चों की सामान्य जांच की जिसमें वजन, ऊंचाई, बीएमआई की जांच एवं हीमोग्लोबिन की जांच, सामान्य बीमारियों की पहचान शामिल रही इस दौरान प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मीकांत जी एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

शिविर में बच्चों को स्वच्छता, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को नियमित हाथ धोने, संतुलित आहार लेने एवं साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी। सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन के बारे में समझाया गया फायर सेफ्टी के बारे में समझाया एवं प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर एन एस ए स अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# नगर परिषद ने चलाया जल स्रोतों की विशेष सफाई अभियान

**निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सप्ताह के तहत नगर परिषद द्वारा बुधवार को जल स्रोतों की विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई करवाई गई। इसके साथ ही जल स्रोतों के आसपास उगी जंगली झाड़ियों एवं कचरे को हटाकर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य निरीक्षक गोपाल सेन, मनीष सिंगोलिया, JTA हार्दवी सिंह, राहुल अंजना का सहयोग रहा। इस दौरान नगर परिषद द्वारा जल स्रोतों के नियमित रख-रखाव एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# पुत्री एवं दामाद ने लिया निर्णय, भवानीमंडी से हुआ 155 वां नेत्रदान

## आंखें दान करके अमर हो गए हरबंस सिंह अरोड़ा, दो लोगों को मिलेगी नेत्र ज्योति

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** नेत्रदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती जा रही है एवं यह अब परंपरा का हिस्सा बनने लगा है, इसी क्रम में भवानीमंडी के समाजसेवी देवेंद्र पाल छाबड़ा ने अपने पिता के बाद अपने स्वसुर का भी नेत्रदान करवा कर एक प्रेरणास्पद कार्य किया है।

शाइन इंडिया फाउंडेशन एवं भारत विकास परिषद के नेत्रदान संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि ज्योति मित्र देवेन्द्रपाल के स्वसुर अपनी पुत्री मनमीत कौर के यहां पर भवानीमंडी आए हुए थे, स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया एवं मंगलवार रात्रि को चिकित्सालय में ही



उनका निधन हो गया। चिकित्सालय में उपस्थित मनमीत कौर ने अपने पति देवेन्द्रपाल सिंह से पिता के नेत्रदान के लिए बातचीत की, देवेन्द्रपाल पहले से ही भवानीमंडी के नेत्रदान कार्यक्रम एवं गोशाला के माध्यम से समाज सेवा से जुड़े हुए हैं ऐसे में परिवार से आवश्यक सहमति लेकर उन्होंने शाइन इंडिया फाउंडेशन को सूचना दी तथा सूचना प्राप्त होने पर भवानीमंडी से 110 किलोमीटर दूर कोटा से शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम रात्रि को 11 बजे नेत्र संकलन वाहिनी ज्योति-रथ को लेकर भवानीमंडी पहुंची तथा घर पर नेत्रदान प्रक्रिया संपादित करके हरबंस सिंह अरोड़ा का कॉर्निया प्राप्त किया, नेत्रदान प्रक्रिया में मनमीत कौर, रविंद्र पाल, हरदीप सिंह, अजयपाल सिंह, डॉ राजदीप सिंह छाबड़ा, मनिंदर सिंह भाटिया, सोनू होरा आदि ने सहयोग किया। नेत्रदान प्रक्रिया के बाद परिवार के द्वारा शाइन इंडिया फाउंडेशन को नेत्रदान अभियान के लिए ग्यारह हजार रुपए का सहयोग भी दिया गया।

हरबंस सिंह अरोड़ा का कॉर्निया अच्छा पाया गया है जिसे आई बैंक जयपुर को भिजवा दिया गया है, जहां यह दो असहाय नेत्रहीन लोगों को नई नेत्र ज्योति प्रदान कर सकेगा।

नेत्रदान प्रभारी कमलेश गुप्ता दलाल के अनुसार यह भवानीमंडी से 155 वां नेत्रदान है। देवेंद्रपाल सिंह छाबड़ा के द्वारा अपने पिता हरबंस सिंह छाबड़ा के निधन के पश्चात उनका नेत्रदान करवाया जा चुका है एवं सुरेंद्र कौर, चरणजीत कौर, नवदीप सिंह, चचेरे भाई देवेंद्रपाल इस तरह से एक ही संबंधित परिवार के छह सदस्यों का नेत्रदान हुआ है एवं यह पूरे कोटा संभाग में पहली बार किसी परिवार से हुआ है।

# आशापुरा माता धाम में चैत्र नवरात्रा महोत्सव का भव्य आगाज आज से


## 19 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम; अष्टमी मेले में ग्वालियर की झांकियां होंगी मुख्य आकर्षण

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शक्ति की भक्ति का पावन पर्व चैत्र नवरात्रा कल, 19 मार्च से स्थानीय श्री आशापुरा माता धाम में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुरू होने जा रहा है। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और पूरे परिसर को नयनाभिराम विद्युत सज्जा व सुगंधित पुष्पों से सजाया गया है। 26 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन माता रानी का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा।

### घट स्थापना व ध्वजारोहण के साथ होगा शुभारंभ

कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ



कल गुरुवार को मध्याह्न 12:25 बजे माँ आशापुरा की घट स्थापना के साथ होगा। इस अवसर पर पताका पूजन कर ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष बृजमोहन व्यास विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। इसी के साथ श्री पंचमुखी बालाजी के सानिध्य में श्री रामचरित्रमानस के नवाह्न परायण का नियमित पाठ भी शुरू होगा।

### भजन संध्याओं का क्रम

19 मार्चः नरेश दगदी, 20 मार्चः श्रीमती सुगना तंवर (श्री गोपी मण्डल), 21 मार्चः भागचंद सोलीवाल, 22 मार्चः श्रीमद् भागवत परिवार (प्रभातफेरी), 23 मार्चः नन्द किशोर सैन, 24 मार्चः विजय मण्डोरा, 25 मार्चः के. सुदामा भजन मण्डल

### अष्टमी मेला और ग्वालियर की अद्भुत झांकियां

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 26 मार्च को आयोजित होने वाला अष्टमी मेला होगा। इस दिन निशांत मंगल अपनी सुरीली आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही, मध्य प्रदेश के ग्वालियर से पधारी प्रसिद्ध 'मोहन एंड पार्टी' द्वारा प्रभु चरित्र पर आधारित विभिन्न आकर्षक और अद्भुत झांकियों का मंचन किया जाएगा।

### विशेष आरती का समय

नवरात्रा के दौरान माता जी की विशेष आरती प्रतिदिन प्रातः 6:15 बजे और सायं 7:00 बजे आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर माता रानी के दर्शन करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# राजस्थान दिवस पर महुवा केंद्रीय बस स्टैंड बना स्वच्छता का मॉडल

## सफाई कर्मचारियों के साथ जन-जन ने सफाई करने के लिए उठाया झाड़ू

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय पर स्थित केंद्रीय बस स्टैंड पर बुधवार को राजस्थान दिवस समारोह 2026 के उपलक्ष्य में नगर पालिका महवा द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत सफाई कर्मचारी सहित नगर पालिका कर्मियों में जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से श्रमदान करने के लिए बस स्टैंड पर झाड़ू लगाकर कूड़ा इकट्ठा कर सफाई का संदेश देते हुए स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जमादारों, सफाई कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के तहत सभी सफाई कर्मचारियों ने केंद्रीय बस स्टैंड परिसर में व्यापक साफ-सफाई की गई तथा कचरे को एकत्रित कर




आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को अपने घर, मोहल्ले एवं पूरे महुवा शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही आमजन को स्वच्छता बनाए रखने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित स्वच्छता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं सामुदायिक शौचालयों को स्वच्छ बनाए रखने में जनभागीदारी और सफाई मित्रों की अहम भूमिका होती है।

इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी उदय नारायण, कनिष्ठ अभियंता ऋषिकांत मीना,सफाई निरीक्षक रामलखन गुर्जर, एसबीएम प्रभारी हेमराज बैरवा, महुवा प्रेस क्लब गौपुत्र अवधेश अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान सहाय तिवारी,अमित कुमार सहित नगर पालिका स्टाफ, जमादार, सफाई कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रक यूनियन में कचरा डालकर जलाने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया मौका मुआयना



## संवेदक पर शास्ति आरोपित

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर को स्वच्छ रखने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए नगर परिषद की ओर से सख्त कदम उठाए गए हैं। ट्रक यूनियन परिसर में अवैध रूप से कचरा डालने और उसमें आग लगाकर प्रदूषण फैलाने के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संवेदक पर कार्यवाही की है।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि ट्रक यूनियन क्षेत्र में कचरा डंप करने और उसे जलाने की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने हालात का बारीकी से जायजा लिया और संवेदक को ट्रक यूनियन से सारा कचरा तुरंत उठवाकर निर्धारित डम्पयार्ड में परिवहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि इस मामले में तय स्थान के बजाय ट्रक यूनियन में कचरा डालने पर संवेदक पर शास्ति आरोपित की है। साथ ही ठेकेदार को पाबंद किया है कि भविष्य में ट्रक यूनियन या किसी भी अन्य अनाधिकृत स्थान पर कचरा नहीं डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए संवेदक को निर्देशित किया है कि शहर का कचरा केवल ग्राम धनातरी में आवंटित भूमि पर ही डाला जाए। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कचरे में आग लगाने पर पूर्णतया रोक लगा दी गई हैं।

# विधायक अनीता जाटव ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

हिंडौन विधायक अनीता जाटव ने कार्यकर्ताओं के साथ मेंहदीपुर बालाजी के दर्शन किए तथा क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक जाटव ने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में ढोक लगा कर क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश चौधरी बरगमां, तारा बैंसला पूर्व पार्षद, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी बरगमां, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू चौधरी, इंद्राज जाटव, राजू गुर्जर, मोहन सिंह चांदन गांव, राजेश कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता भी साथ रहे।

# जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग व कालाबाजारी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## 29 घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर सहित उपकरण जब्त, आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर की प्रक्रिया शुरू



स्मार्ट हलचल| जयपुर

जयपुर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अवैध गैस रिफिलिंग एवं कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण, ऊँचे दामों पर कालाबाजारी तथा अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम श्री प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा तीन विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

उक्त कार्रवाई के दौरान कुल 29 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 बांसुरी तथा 02 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।

गठित विशेष प्रवर्तन दलों में विशेष प्रवर्तन दल 'ए' में सुश्री कविता शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) एवं श्रीमती सुनीता चौधरी (प्रवर्तन निरीक्षक), विशेष प्रवर्तन दल 'बी' में श्रीमती पूजा शर्मा एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) तथा विशेष प्रवर्तन दल 'सी' में श्रीमती निर्मला चौधरी (प्रवर्तन अधिकारी) एवं श्रीमती प्रिया गंगवानी (प्रवर्तन निरीक्षक) शामिल हैं। इन दलों द्वारा जिला रसद अधिकारी श्री प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान पुलिस थाना प्रताप नगर से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रताप नगर क्षेत्र में की गई कार्रवाई में अवैध गैस रिफिलिंग की पुष्टि होने पर मौके से 15 घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 बांसुरी तथा 01 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए। इसी प्रकार पुलिस थाना भांकरोटा की सूचना पर भांकरोटा क्षेत्र में की गई कार्रवाई में 14 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 01 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किया गया।

इस अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तनः सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' अभियान पूर्व से ही जारी है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गैस रिफिलिंग, भंडारण या कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जयपुर शहर के नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफिलिंग सेंटर, अवैध वितरण, भंडारण या कालाबाजारी की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# एसपी रतन सिंह ने ली अपराध गोष्ठीः नशे के सौदागरों और चोरों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की रणनीति

## 'पुलिस अधीक्षक की दो टूकः रात में गश्त बढ़ाएं, अपराधियों पर कसें शिकंजा और जनता से बढ़ाएं तालमेल '

## एक्शन मोड में जिला पुलिसः लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और अवैध तस्करी रोकने के सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल|ब्यावर

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह की अध्यक्षता में आज एसपी कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय 'अपराध गोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का रोडमैप तैयार किया गया।

गोष्ठी के दौरान एसपी ने



जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया किः

नाइट पेट्रोलिंग : रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

निगरानीः पूर्व में चोरी की वारदातों में शामिल अपराधियों की नियमित ट्रैकिंग की जाए। चेकिंग : सीमावर्ती क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर सघन नाकाबंदी कर मादक पदार्थों की तस्करी रोकी जाए।

### पेंडिंग मामलों का होगा शीघ्र निपटारा

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा सहित सभी थानाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। वारंटों की तामीली और गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में तेजी लाने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में पुलिस को अधिक संवेदनशील रहने और त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया।

### जनता के साथ बेहतर समन्वय

एसपी रतन सिंह ने पुलिस अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, 'कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन इसमें आमजन का सहयोग अनिवार्य है।' उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने का निर्देश दिया ताकि जनसहयोग से अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। प्रमुख उपस्थिति : बैठक में एएसपी भूपेन्द्र शर्मा, जिले के समस्त वृत्ताधिकारी, थानाधिकारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

# आर.एन.टी.विधि महाविद्यालय में फौजदारी मूट कोर्ट का सफल आयोजन

स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़



गांधीनगर सेक्टर पांच स्थित, आर.एन.टी. विधि महाविद्यालय में विधि तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फौजदारी मूट कोर्ट का सफल आयोजन किया गया। यह सत्र का द्वितीय मूट कोर्ट था. जिसका आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार किया गया। विधि विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं गंभीरता के साथ इसमें भाग लिया। महाविद्यालय के समन्वयक गौरव त्यागी एवं उप-प्राचार्य डॉ. प्रभा भाटी ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा न्यायालयीन प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से इस मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। विधि व्याख्याता जफ्फर हुसैन वैलिम ने कहा कि मूट कोर्ट विद्यार्थियों के लिए न्यायालय की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का सर्वोत्तम माध्यम है। इससे उनमें तर्कशक्ति, विधिक विश्लेपण क्षमता एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास होता है। मूट कोर्ट में 'महाराष्ट्र राज्य बनाम शीना बोरा' अपराधिक मामले पर आधारित था जिसमें मामले की तथ्य ये है कि वर्ष 2015 में मुंबई पुलिस ने एक अलग मामले में एक ड्राइवर को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि साल 2012 में उसने अपनी मालकिन इंद्राणी मुखर्जी के कहने पर एक युवती की हत्या में मदद की थी। जांच करने पर पता चला कि वह युवती शीना बोरा थी, जिसे दुनिया के सामने इंद्राणी की बहन बताया जाता था, लेकिन वास्तव में वह उनकी बेटी थी। ड्राइवर के अनुसार 24 अप्रैल, 2012 को इंद्राणी ने शीना को मिलने के लिए बुलाया, कार में इंद्राणी, उनके पूर्व पति संजीव खन्ना और ड्राइवर मौजूद थे, और उसी दौरान कथित रूप से शीना की गला दबाकर हत्या कर दी गई। बाद में उसके शव को महाराष्ट्र के रायगढ़ के जंगल क्षेत्र में ले जाकर जला दिया गया और ठिकाने लगा दिया गया। घटना के बाद शीना के दोस्त और उसके करीबी राहुल को संदेश भेजे गए कि वह विदेश चली गई है और संपर्क नहीं रखना चाहती। कुछ समय तक सभी को यही विश्वास दिलाया गया कि शीना जीवित है और बाहर रह रही है। लेकिन 2015 में ड्राइवर के बयान के बाद पुलिस ने पुराने रिकॉर्ड, कॉल डिटेल और अन्य सबूतों की जांच की, जंगल से मिले अवशेषों की जांच कराई गई और मामला धीरे-धीरे सामने आया। इसके बाद इंद्राणी मुखर्जी, संजीव खन्ना और बाद में पीटर मुखर्जी को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया। जांच आगे चलकर सीबीआई को सौंप दी गई। अभियोजन का कहना था कि यह पहले से रची गई साजिश थी, जबकि बचाव पक्ष का कहना था कि यह मामला केवल परिस्थितियों और एक गवाह के बयान पर आधारित है। इसी कारण यह मामला देशभर में बहुत चर्चित रहा।

मूट कोर्ट में विधि विद्यार्थियों ने विभिन्न न्यायालयीन भूमिकाएँ निभाईं, जिनमें सेशन न्यायाधीश की भूमिका में कविता धाकड़, अभियोजन अधिवक्ता की भूमिका में क्रमशः अर्चना वर्मा, हर्षवर्धन सिंह रहे। अभियुक्त अधिवक्ता की भूमिका में क्रमशः मोहम्मद हमजा, देवेन्द्र सिंह, चिकित्सा अधिकारी की भूमिका में मुकेश रेगर, फॉरेंसिक साइंटिस्ट की भूमिका में सचिन सिंगल, पुलिस ऑफिसर सी.बी.आई. की भूमिका राज गोपाल सिंह भाटी रहे। रीडर निशा नीलगर, स्टेनोग्राफर राज्यवर्धन सिंह एवं सरकारी गवाह की भूमिका में हरलाल बैरवा ने निभाई। विधि विद्यार्थियों ने तथ्य एवं विधिक प्रावधानों के आधार पर अपने-अपने पक्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बी.एल. पोखरना सहित विधि सहायक आचार्य जमीर आलम, सोनिया राजोरा, मेहा डाड, डॉ. प्रियंका शर्मा, सोनू कुमार मेघवंशी, ललित कुमार मीणा, डॉ. अनिल कुमार एवं दीपक शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विधि विद्यार्थियों के तर्कों की सराहना करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। मूट कोर्ट आयोजन में विधि व्याख्याता अमित कोहली एवं गजेंद्र जोशी एवं अन्य व्याख्यातागण का विशेष सहयोग रहा। मूट कोर्ट के अंत में उपस्थित सभी विधि विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय आयोजन कमेटी ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

# 9 घरेलू गैस सिलेण्डर व रिफिलिंग उपकरण जब्त



## सतर्कता दल ने खेरवाड़ा में की कार्यवाही

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

घरेलू/व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता ने तहसीलवार सतर्कता दल गठित किए गए है। इसमें तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक, प्रवर्तन अधिकारी/निरीक्षक, ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारी को सम्मिलित किया गया है। बुधवार को जिला रसद अधिकारी ग्रामीण मनीष भटनागर के निर्देशानुसार मनाली भट्ट एवं दीपिका रोत ने खेरवाड़ा स्थित आदिनाथ एन्टरप्राइसेस में अवैध सिलेण्डरों का भण्डारण एवं रिफिलिंग की सूचना पर कार्यवाही की। इस दौरान मौके से 9 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा गैस ट्रांसफर में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए गए । कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मीणा मौजूद रहे। जिला रसद अधिकारी ने अवगत कराया गया कि आगामी दिनों में भी उक्त कार्यवाही जारी रहेगी एवं किसी भी प्रकार की सूचना जिला कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, सम्बन्धित प्रवर्तन अधिकारी/निरीक्षक अथवा जिला रसद अधिकारी को दी जा सकती है। प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व सैनिकों की बैठक में समस्याओं पर मंथन



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत चतरपुरा स्थित श्याम मंदिर परिसर में बुधवार को पूर्व सैनिकों की बैठक पूर्व विंग कमांडर ऋषि देव यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिक और वीरांगनाओं को आ रही विभिन्न व्यावहारिक एवं प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान पूर्व सैनिक राकेश फौजी ने नारायणपुर तहसील मुख्यालय पर पूर्व सैनिकों के लिए एक उचित विश्राम गृह की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर शीघ्र ही पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगा। प्रशासनिक बदलावों को ध्यान में रखते हुए बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी पूर्व सैनिक अपनी सर्विस बुक एवं अन्य सैन्य दस्तावेजों में नए जिले कोटपुतली-बहरोड़ के अनुसार रिकॉर्ड अपडेट करवाएं, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी लाभ या कागजी प्रक्रिया में परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व सैनिकों ने चतरपुरा में स्थापित शहीद मनोज सिंह शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर रघुवीर सिंह, किशन सिंह शेखावत, बसराम, रमेश सैनी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं मौजूद रहीं, जिन्होंने संगठन की एकजुटता और मजबूती का संकल्प लिया।

# युद्धग्रस्त क्षेत्रों से नागरिकों की निकासी पर 'मिशन मोड' में काम कर रहे भारतीय मिशन

स्मार्ट हलचल| नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार और विदेशों में स्थित भारतीय मिशन अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। भारतीयों को निकालने के लिए कई वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक करीब 2.44 लाख भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौट चुके हैं। युद्ध के बीच फंसे हुए भारतीयों को वापस लाने के लिए एक ओर जहां भारत सरकार पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के तमाम देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ संपर्क में है, वहीं दूसरी ओर विदेशों में स्थित भारतीय मिशन पूरी तरह से 'मिशन मोड' में काम कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 700 भारतीय नागरिक ईरान से जमीनी रास्ते के जरिए आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच चुके हैं, जहां से वे भारत लौट रहे हैं। उन्होंने कहा ईरान गए 284 तीर्थयात्री भी सफलतापूर्वक आर्मेनिया पहुंच गए हैं। इनमें से 130 तीर्थयात्री आज दिल्ली पहुंचेंगे। जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्रालय का कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय है और भारतीय नागरिकों की सहायता कर रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले फोन और ईमेल की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कतर एयरवेज़ की उड़ानों के जरिए 1,600 से अधिक भारतीयों की निकासी में सहायता की है। दूतावास ने सूचित किया कि वह सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांज़िट वीज़ा की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे उन लोगों को मदद मिलेगी, जो सलवा सीमा के रास्ते ज़मीनी मार्ग से भारत लौटना चाहते हैं। दूतावास ने कहा कि उनका कार्यालय आने वाले पूरे हफ़्ते खुला रहेगा, ताकि पासपोर्ट जारी करने सहित अन्य कांसुलर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

इसके अलावा दूतावास ने एक 'एक्स' पोस्ट में यह भी बताया कि कार्यालय के सहयोग से चल रहे राहत कार्यों के तहत, कतर में रहने वाले भारतीय मछुआरा समुदाय के सदस्यों को सूखा राशन वितरित किया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया क्षेत्र में भारतीय मिशन चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। 16 मार्च को यूएई से भारत के लिए लगभग 65 उड़ानें संचालित हुईं, जबकि मंगलवार को करीब 70 उड़ानों के संचालन की उम्मीद है। ओमान से भी भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए उड़ानें जारी हैं।

# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील



स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर

आगामी ईद और नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत खखरेरू कस्बे में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की गई।

क्षेत्राधिकारी दुर्गेशदीप के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ यह फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें खखरेरू, किशनपुर, धाता एवं खागा थानों की पुलिस भी शामिल रही। पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

फ्लैग मार्च के दौरान खखरेरू थाना अध्यक्ष विद्या प्रकाश सिंह, किशनपुर थाना अध्यक्ष सत्यदेव गौतम, धाता थानाध्यक्ष अरविंद राय सहित अन्य थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सैकड़ों पुलिसकर्मी सड़कों पर उतरे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की इस पहल का व्यापारी वर्ग और कस्बे के गणमान्य लोगों ने स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सतर्कता से त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होंगे।

# नामित सभासदों का हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

शासन द्वारा नगर पंचायतों में नामित सभासदों के मनोनयन के बाद बुधवार को नगर पंचायत खखरेरू के सभागार में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा खागा क्षेत्र की चारों नगर पंचायतों के नामित सभासद शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान रहीं। उन्होंने सभी नामित सभासदों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पंचायत खखरेरू के चेयरमैन ज्ञान चंद्र केशरवानी ने भी सभासदों का माल्यार्पण व पटका पहनाकर स्वागत किया।

अधिशाषी अधिकारी हरिगेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक कृष्णा पासवान ने सभी नामित सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर खागा नगर पंचायत की चेयरमैन गीता सिंह, धाता की चेयरमैन रेखा सरोज, मंडल अध्यक्ष गया पाल सहित विमलेश पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, कपिल सिंह, हेमा सिंह, कोमल मोदनवाल, प्रेम मोहन साहू, विनय तिवारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घरेलू गैस के अवैध भंडारण एवं उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई

**चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार प्रशासन, रसद विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय में गठित जिला सतर्कता टीम द्वारा संपूर्ण जिले में गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। इस अभियान के तहत भदेसर उपखंड अधिकार रजनी मीणा व प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी द्वारा घरेलू गैस के अवैध भंडारण व उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई की गई।




भदेसर उपखण्ड में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण एवं उपयोग की शिकायत पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित होटलों पर औचक निरीक्षण के दौरान उपयोग में लिए जा रहे 5 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की गई। टीम द्वारा जिले में कुम्भानगर स्थित गैस एजेंसी का निरीक्षण कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। गैस एजेंसी को राज्य सरकार के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को गैस वितरण सुनिश्चित करने हेतु पाबंद किया गया। जिले में वर्तमान में कुल 28 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें 3 लाख 85 हजार 680 सक्रिय घरेलू गैस कनेक्शन हैं। उपभोक्ताओं के लिए 6999 घरेलू गैस सिलेंडर वितरण हेतु उपलब्ध हैं। सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से नियमित रूप से गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने घरेलू गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की पैनिक बुकिंग या अनावश्यक भंडारण न करें। साथ ही गैस के उपयोग में मितव्ययता बरतें तथा वैकल्पिक ईंधन साधनों जैसे सोलर कुकर, इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हा एवं बायोगैस का उपयोग करें। व्यावसायिक गैस सिलेंडर (19 किलोग्राम) की आपूर्ति केवल अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यकता अनुसार की जाएगी। उन्होने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में समस्या आ रही है, उन्हें आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी के पश्चात बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी ऑयल कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग की व्यवस्था की गई है।

# जेसीबी संचालकों की बैठक में नयी दर तय

**चित्तौड़गढ़।** जेसीबी मालिक एवं चालकों की बैठक बुधवार को नेहरू उद्यान में काशीराम एवं शंकर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिले के जेसीबी मशीन मालिक एवं ऑपरेटर द्वारा सर्वसम्मति से जेसीबी मशीन की 1200 सौ रुपया प्रति घंटा की रेट तय की गई, जो 25 मार्च से लागू मानी जाएगी। नयी तय की गई दरों का सभी जेसीबी मालिक व ऑपरेटरों को पालन करना अनिवार्य होगा। इसका उल्लंघन होने पर 21 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में अन्य कई व्यवसाय संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाकर आम सहमति बनाई गई।

इस दौरान अभिजय निगम, सत्यनारायण, रतन, नारायण, शिवलाल, दौलत सिंह, राजू गुर्जर, रोशन, भूरालाल, बाबूलाल, शेरु, कैलाश, दिनेश, प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, रतन, नारायण, इरफान, गोपाल, मदन सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रेनों में बिना टिकट सफर कर रहे 146 यात्री, पकड़े गए, 63.550 हजार जुर्माना वसूले गए

## जुर्माना न भरने वालों को जाना पड़ा जेल. बुकिंग काउंटर पर भीड़

स्मार्ट हलचल| वाराणसी



रेल में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ बुधवार को सख्त अभियान चलाया गया, जिसमें कई यात्री कार्रवाई की जद में आ गए। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन में वाराणसी मंडल में सख्ती का असर साफ नजर आया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान और सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपतिनाथ मिश्रा के नेतृत्व में 18 मार्च 2026 की सुबह वाराणसी सिटी स्टेशन को आधार बनाकर बनारस- औड़िहार रेल खंड पर रेड पार्टी द्वारा किलाबंदी कर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 15159 सारनाथ एक्सप्रेस, 15018 दादर एक्सप्रेस, 12562 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, 15104 इंटरसिटी एक्सप्रेस और मेमू सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में एक साथ जांच होने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। टीम ने हर डिब्बे में जाकर यात्रियों के टिकट की बारीकी से जांच की और बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 146 यात्रियों को पकड़ लिया। पकड़े गए यात्रियों से कुल 63,550 रुपये का जुर्माना वसूला गया और जुर्माना अदा करने के बाद अधिकांश यात्रियों को छोड़ दिया गया, लेकिन जुर्माना नहीं चुकाने वाले 6 यात्रियों को रेलवे मजिस्ट्रेट प्रशांत मिश्रा के समक्ष पेश किया गया, जहां ट्रायल के दौरान उन्हें जेल तक जाना पड़ा और बाद में जुर्माना अदा करने के पश्चात रिहा किया गया। इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपतिनाथ मिश्रा के साथ मुख्य टिकट निरीक्षक विवेक बाजपेयी, नागेंद्र बहादुर सिंह, टिकट निरीक्षक मारूफ खान, पूनम यादव और रश्मि समेत अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई, वहीं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने भी पूरा सहयोग दिया। अचानक सख्त चेकिंग के चलते स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों में टिकट लेने की होड़ मच गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यात्रा के दौरान रेल नियमों का पालन करें और बिना टिकट यात्रा करने से बचें, क्योंकि यह दंडनीय अपराध है। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विजयीपुर शिक्षा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

## प्राथमिक विद्यालय पडरापर के बच्चे रहे अव्वल, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल| खखरेरू/फतेहपुर

जनपद में आयोजित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विजयीपुर शिक्षा क्षेत्र के नौनिहालों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम फहराया है। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय पडरापर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

प्राथमिक विद्यालय पडरापर की छात्राएं राधिका, कृतिका और महक ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। वहीं कंपोजिट विद्यालय सुदनपुर के छात्र सचिन कुमार ने भी सफलता हासिल की।

इसके अलावा सरस्वती ज्ञान मंदिर खखरेरू के छात्र हर्षित मिश्रा (निवासी ग्राम भदौहा) ने 100 में से 99 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जय सिंह ने हर्षित की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि उनके माता-पिता का भी नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्रों को सही दिशा और मार्गदर्शन देकर ही उन्हें भविष्य में एक मजबूत वृक्ष के रूप में विकसित किया जा सकता है।



कंपोजिट विद्यालय सुदनपुर के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह ने छात्र सचिन कुमार को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राथमिक विद्यालय पडरापर के प्रधानाचार्य रविचंद्र ने छात्राओं की सफलता पर सभी शिक्षकों और उच्च अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता से पूरे विजयीपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com